卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐१७ 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवहि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राज्जलिराज्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रबद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

ॐ சரவணபவ卐 ॐ சரவணபவ卐 ॐ சரவணபவ卐 ॐ சரவணபவ卐

♦वर्ष 25 ♦अंक 170 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦ शुक्रवार ♦28 मार्च 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## स्क्रैप गोदामों में भीषण आग, करोड़ों की क्षति

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। किच्छा रोड मेडिसिटी हॉस्पिटल के पास स्थित कबाड़ के कई गोदामों में देर रात भीषण आग लग गयी। अग्निकाण्ड में करोड़ों का माल जलकर राख हो गया। इस दौरान ट्रैक्टर ट्राली कैंटर सहित कुछ कई वाहन भी आग की भेंट चढ़ गये। आग बुझाने के लिए मौके पर दस दमकल वाहन लगाये गये। देर रात तक लगी आग शुक्रवार दोपहर तक भी पूरी तरह नहीं बुझ पायी थी। जानकारी के अनुसार गुरुवार देर रात मेडिसिटी हास्पिटल के पास कबाड़ के गोदाम में अचानक आग लग गयी। जब तक लोग कुछ समझ पाते आग ने भयावह रूप ले लिया और देखते ही देखते आग विकराल हो गयी। भीषण आग ने आस पास मौजूद कई गोदामों को अपनी आगोश में ले लिया। आलोक कालडा , लखबीर सिंह, रईस अहमद, नईम, सतवीर सिंह, मोहम्मद तसलीम हुसैन, इकरार, सलीम, सतवीर सिंह के गोदामों में रखा करोड़ों का सामान धूंधू करज लने लगा। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल मामले की जानकारी पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। आग इतनी विकराल थी, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि आग का बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की दस गाड़ियों को मौके पर बुलाना पड़ा। कबाड़ के गोदामों में प्लास्टिक के सामान के अलावा कुछ ट्रैक्टर ट्राली भी खड़ी थी, जो इस आग में जलकर खाक हो गई। देर रात से दमकल विभाग की टीम आग बुझाने की कोशिश(शेष पृष्ठ सात पर)






## अग्निकाण्ड पीड़ितों की मदद में जुटे समाजसेवी गावा

रुद्रपुर। देर रात कबाड़ के गोदामों में आग लगने के बाद मौके पर भारी भीड़ एकत्र हो गयी। अधिकांश लोग तमाशबीन बने थे लेकिन इसी बीच समाज सेवी और रुद्रपुर की मुख्य रामलीला में हनुमान का किरदार निभाने वाले सुशील गाबा ने वहां मौजूद लोगों से अग्निकांड में प्रभावित क्षेत्रों में समान को खाली करने आग्रह किया और जब देखा कि लोग आने में हिचकिचा रहे हैं तो गाबा ने स्वयं ही मोर्चा संभाल लिया और आग से समान को बचाने के लिए जुट गये। सुशील गाबा को देख अन्य लोग भी मदद को आगे आये और सामान को बाहर निकाला। देर रात तक मौके पर डटे रहने के बाद सुशील गाबा सुबह फिर मौके पर पहुंचे और उन्होंने वहां मौजूद अग्निशमन अधिकारियों व राजस्व विभाग के अधिकारियों से बात की। श्री गाबा ने स्क्रैप कारोबारी से तहसील के कर्मचारियों की वार्ता करवा कर उनके हुए हुए (शेष पृष्ठ सात पर)






## स्कॉर्पियो नहर में गिरने से महिला की मौत,पांच घायल

किच्छा (उद संवाददाता)। पिथौरागढ़ से मुरादाबाद जा रही स्कार्पियों एनएच 74 पर शंकर फार्म के पास पुलभट्टा थाना अंतर्गत अनियंत्रित होकर नहर में गिर गयी। दुर्घटना में कार सवार महिला की मृत्यु हो गयी और पांच लोग घायल हो गए। पुलिस द्वारा सूचना पर घायलों को सीएचसी किच्छा में प्राथमिक उपचार हेतु लाया गया। गंभीर रूप से घायलों को सुशीला तिवारी वन चिकित्सालय हल्द्वानी रेफर कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बबीता पत्नी विजेंद्र उम्र 45 वर्ष निवासी पिथौरागढ़ के भाई का कुछ दिन पूर्व निधन हो गया था। शुक्रवार को उसका मुरादाबाद में पीपल पानी था। जिस पर बबीता अपने पति विजेंद्र पुत्र सुरेंद्र पटियाल व अशोक लाल शाह पुत्र रमेश शाह, भुवन चंद्र पुत्र रामदत्त, चंद्रकला चोसाली पत्नी भुवन चंद्र, मोहन पुत्र चंद्रमणि निवासी गण पिथौरागढ़ से मुरादाबाद के लिए आज तड़के साढ़े चार बजे निकले थे। पुलभट्टा थाना अंतर्गत शंकर फार्म में मोड़ पर चालक कार पर नियंत्रण खो बैठा। जिस पर कार अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। कार के तेज(शेष पृष्ठ सात पर)



## बालिका से दुष्कर्म का आरोपी बुजुर्ग गिरफ्तार

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने दुष्कर्म का आरोपी बुजुर्ग के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसे पुलिस जेल भेजने की कार्रवाई कर रही है। पीड़िता गर्भवती बताई जा रही है। बालिका के गर्भवती होने की जानकारी तब हुई, जब उसे बेहोशी की हालत में अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस के मुताबिक इस मामले में पीड़िता की मां ने रिपोर्ट दर्ज कराई। एसआई महेश कांडपाल ने बताया कि संजय नगर खेड़ा वार्ड 11 रुद्रपुर शंकर दत्त पुत्र नारायण दत्त के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। मुकदमा दर्ज कर विवेचना महिला एसआई नेहा को दी गई है। उन्होंने बताया (शेष पृष्ठ सात पर)



## आनंद बर्द्धन उत्तराखण्ड के नये मुख्य सचिव

देहरादून। प्रदेश के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी आनंद बर्द्धन को उत्तराखंड का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। राज्य सरकार ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। आनंद बर्द्धन एक अप्रैल को पदभार ग्रहण करेंगे। आनंद बर्द्धन ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट की। बता दें कि 1992 बैच के आईएएस अधिकारी आनंद बर्द्धन वर्तमान में उत्तराखंड कैडर के सबसे सीनियर अधिकारी हैं। वे शासन में अपर मुख्य सचिव (एसीएस) के पद पर कार्यरत हैं और राज्य में इस स्तर के एकमात्र अधिकारी हैं। बर्द्धन ने करियर में कई महत्वपूर्ण विभागों में जिम्मेदारी संभाली हैं।

## 100 ताकतवर भारतीयों की सूची में धामी 32वें स्थान पर

देहरादून (उद संवाददाता)। प्रतिष्ठित समाचार पत्र इंडियन एक्सप्रेस की ओर से जारी 100 सर्वाधिक ताकतवर भारतीय हस्तियों की लिस्ट में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को 32वीं रैंक हासिल हुई है। इस लिस्ट में मुख्यमंत्री धामी पिछले साल 61वें स्थान पर थे। इंडियन एक्सप्रेस ने सीएम पुष्कर सिंह धामी की शानदार रैंकिंग के लिए उनके पिछले एक साल के कार्यकाल को आधार बनाया है। जिसमें उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू किए जाने को सबसे महत्वूपर्ण कदम बताया गया है। अखबार के मुताबिक उत्तराखंड समान नागरिक संहिता अन्य राज्यों के लिए ब्ल्यू प्रिंट की तरह काम कर रही है, इसके बाद, गुजरात ने भी अपने यहां समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए कमेटी का गठन कर लिया है। इंडियन एकसप्रेस ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को राज्य में राजनैतिक स्थिरता कायम करने का भी श्रेय दिया है। अखबार के मुताबिक उत्तराखंड में 2017 से 2022 के बीच तीन- तीन मुख्यमंत्री बने, लेकिन अब पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य में राजनैतिक स्थिरता लौट आई है। अखबार ने राष्ट्रीय खेलों के जरिए उत्तराखंड में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए भी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व की तारीफ की है। अखबार ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी (शेष पृष्ठ सात पर)



# गंगाजल लेने कांवड़ियों का जत्था हरिद्वार रवाना

शक्तिफार्म(उद संवादाता)। गंगाजल लेने कांवड़ियों का जत्था हरिद्वार रवाना हुआ। करीब एक सप्ताह बाद गंगाजल लाकर सुरेंद्र नगर स्थित भगवान शिव के प्रसिद्ध मंदिर बाबा तारकनाथ धाम सहित अन्य शिवालयों के शिवलिंग पर जलाभिषेक करेंगे। कांवड़ संघ के तत्वावधान में शक्तिफार्म क्षेत्र के अलग अलग गांव से करीब सैकड़ो शिवभक्त



कांवड़ियों का जत्था गंगाजल लेने हरिद्वार रवाना हुआ। पूजा अर्चना कर कांवड़ियों को रवाना किया किया। कांवड़िए गंगाजल लेकर हरिद्वार से पैदल चलकर 7 अप्रेल सोमवार को शक्तिफार्म पहुंचकर बाबा तारकनाथ धाम के शिवलिंग व अन्य शिवालयों पर जलाभिषेक करेंगे। गंगाजल लेने हरिद्वार जाने वालों में महंत आनंद सरकार, बलाई, शंकर, सुजीत, अनुप, शेफाली, जगो,महादेव, मोती, मलिना ,मिथुन,शिवानी,रिपन, केना, सुभास आदि थे।

# भवनों का शीघ्र करें ध्वस्तीकरण: डीएम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।पंतनगर एयरपोर्ट विस्तारीकरण कार्य शीघ्रता से कराना है इसलिए एयरपोर्ट विस्तारी करण की जद में आ रहे कार्यालय, भवनों को सम्बन्धित विभाग तुरन्त ध्वस्त कर हटाना प्रारम्भ करें। यह निर्देश जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने गुरूवार को कैम्प कार्यालय में बैठक लेते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी श्री भदौरिया ने महाप्रबंधक टीडीसी को तुरन्त टीडीसी कार्यालय शिफ्ट करने के निर्देश दिये। जिस पर महाप्रबंधक टीडीसी ने बताया कि 01 अप्रैल से टीडीसी कार्यालय शिफ्टिंग कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा व एक माह के भीतर भवन ध्वतीकरण कार्य भी कर लिया जायेगा। जिलाधिकारी ने सैनिक कल्याण का एक वैरिक भवन जो एयरपोर्ट विस्तारीकरण जद में आ रहा है उसे भी शिफ्ट कराते हुए ध्वस्त कराने के निर्देश दिये साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि पंतनगर एयरपोर्ट विस्तारीकरण हेतु आर्वटित भूमि पर में अगली कोई फसल भी नही लगायी जायेगी। उन्होने पीडी एनएचएआई को निर्देश दिये कि वे भेजी गयी डीपीआर को उच्चाधिकारियों से वार्ता कर स्वीकृति हेतु कार्यवाही कराने के निर्देश दिये। पीडी एनएचएआई ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग शिफ्टिंग हेतु आर्वटित भूमि पर पेड़ कटवाने है व विद्युत लाईन भी शिफ्ट करानी है। जिस पर जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियंता विद्युत को चार दिन में विद्युत लाईन शिफ्टिंग प्रस्ताव व आंगणन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सरकारी भूमि पर पेड़ कटवाने हेतु उप जिलाधिकारी, वन, पंतनगर एयरपोर्ट, एनएचएआई की संयुक्त टीम गठित करते हुए पेड़ो का सर्वे कर सम्बन्धित विभाग जिनकी भूमि पर पेड़ है स्वयं कटवाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सीजीएम पंतनगर विश्वविद्यालय को भी एयरपोर्ट विस्तारीकरण की जद में आ रहे कार्यालय व आवासीय भवनों को शीघ्र ध्वस्तीकरण करने के निर्देश दिये। जिस पर सीजीएम ने बताया कि ध्वस्तीकरण करने हेतु टेंडर कर लिए गये है शीघ्र ध्वस्तीकरण प्रारम्भ कर लिए जायेगा। उन्होने बताया कि पेड़ कटवाने का भी टेंडर कर लिया गया है। जिलाधिकारी ने निदेशक वॉयोटैक को तुरन्त कार्यालय व लैब अस्थाई रूप से शिफ्ट करने के निर्देश दिये साथ ही उन्होने अपर जिलाधिकारी व उप जिलाधिकारी को तत्काल वॉयोटैक को अस्थाई शिफ्गिं हेतु भवन, स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि पंतनगर एयरपोर्ट विस्तारीकरण भारत सरकार व प्रदेश सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है, इसलिए एयरपोर्ट विस्तारीकरण के कार्य शीघ्रता से प्रारम्भ किये जाये। उन्होने निदेशक एयरपोर्ट को एयरपोर्ट के चाहरदीवारी कार्य शीघ्र प्रारम्भ करने के निर्देश दिये। जिसपर निदेशक एयरपोर्ट ने बताया कि चाहर दीवारी कार्य का टेण्डर कर दिया गया, अप्रैल में चाहर दीवारी निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा साथ ही उन्होने बताया कि विस्तारीकरण की डीपीआर कार्य भी प्रगति पर है। बैठक में अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, कौस्तुभ मिश्र, ओसी गौरव पाण्डेय, निदेशक एयरपोर्ट मानिका डेम्बला, मुख्य कृषि अधिकारी/ महाप्रबंधक टीडीसी डॉ0 अभय सक्सेना, सीजीएम पंतनगर विश्व विद्यालय जयंत सिंह, निदेशक वॉयोटैक संजय कुमार, सैनिक फार्म के वीपी श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।



# आबरू से खिलवाड़ किए जाने के मामले ने लिया नया मोड़!

## पीड़िता ने मुख्यमंत्री, डीजीपी व एसएसपी को भी भेजा शिकायती पत्र

काशीपुर(उद संवाददाता)। पुलिसकर्मी द्वारा शादी का झांसा देकर युवती की आबरू से खिलवाड़ किए जाने के मामले में अब नया मोड़ आ गया है। दुष्कर्म व मारपीट की शिकार पीड़िता ने रिजर्व इंस्पेक्टर (आर आई) के नाम संबोधित शिकायती पत्र की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल, कुमाऊं परिक्षेत्र के डीआईजी, उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार एवं हाई कोर्ट मुख्य न्यायामूर्ति को भी प्रेषित किया है। पीड़िता ने भेजे शिकायती पत्र में बताया कि आईटीआई थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक की लगभग 2 वर्ष पूर्व पुलिस में भर्ती हुई। पुलिसकर्मी से उसके लगभग 8 वर्ष पुराने प्रेम संबंध है। पीड़िता का आरोप है कि इतने वर्षों से शादी का झांसा देकर पुलिसकर्मी लगातार उसके साथ मनमानी करता आ रहा है। इस बीच उसने धोखे से अश्लील वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल करना भी शुरू कर दिया। बीते 17 मार्च को पुलिसकर्मी ने काशीपुर पहुंचकर अपराह्न लगभग 2:30 बजे उसे कलश मंडप के सामने बुलाया और उसका मोबाइल मांगने लगा ताकि उसके मोबाइल में पड़े सबूतों को फोटो वीडियो आदि को मिटाया जा सके। पीड़िता ने जब इसका विरोध किया तो पुलिस कर्मी ने उस पर प्राण घातक हमला करते हुए कान का पर्दा फाड़ डाला जिससे युवती बुरी तरह लहुलुहान होकर जमीन पर गिरकर बेहोश हो गई। घटना की सूचना टांडा उज्जैन चौकी पुलिस को मिलने पर उसने मौके पर पहुंचकर मामले का संज्ञान लिया। लेकिन आरोपी के खिलाफ अब तक कोई कार्यवाही नहीं हो सकी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी पुलिसकर्मी मौके पर अपनी मोटरसाइकिल छोड़कर भाग गया था।

### न्यायिक अधिकारियों की सुरक्षा में बड़ी चूक!



काशीपुर। दुष्कर्म व मारपीट के आरोपों में घिरे पुलिस आरक्षी की तैनाती इन दोनों उजाला अकादमी भवाली (नैनीताल) में है। पीड़िता ने जो शिकायती पत्र उच्चाधिकारियों को भेजे हैं उसमें बताया गया है कि आरोपी पुलिसकर्मी बगैर विभाग की अनुमति के बिना अवकाश लिए बीते 16 मार्च की रात्रि को अपने घर आया और अगले दिन 17 मार्च को उसने पीड़िता के साथ घटना को अंजाम दिया। देखा जाए तो यह मामला न्यायिक अधिकारियों की सुरक्षा के साथ बड़ा खिलवाड़ है। पीड़िता ने मांग किया है कि पुलिस आरक्षी के मोबाइल की सीडीआर निकाल कर दंडात्मक कार्यवाही की जाए।

# मस्जिदों में पढ़ी गई अलविदा जुम्मे की नमाज

काशीपुर/जसपुर/बाजपुर। माहे रमजान के आखिरी जुम्मा (जमात-उल-विदा) के मौके पर क्षेत्र भर में नमाजियों व रोजेदारों ने मस्जिदों में नमाज अता कर मुल्क के शांति व तरक्की की दुआ की। अलविदा जुम्मा की विशेष नमाज में मुस्लिम भाइयों ने कुरान की तिलावत को पढ़ते हुए उसकी तफसीर को समझा और बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इसके साथ ही पैगंबर मोहम्मद साहब का जिक्र (दरुद शरीफ) करते हुए गरीब व जरूरतमंदों की सहायता की जिसे इस्लाम में (जकात और सदका) के नाम से भी जाना जाता है। अलविदा जुम्मा की नमाज को निर्विघ्न तरीके से संपन्न कराए जाने को लेकर प्रशासन अलर्ट रहा। मस्जिदों के आसपास संवेदनशील व अति संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल्कि तैनाती की गई। इसी तरह जसपुर, बाजपुर के अलावा औद्योगिक आस्थान महुआखेड़ा गंज कुंडा व आईटीआई थाना क्षेत्र में भी अलविदा जुमे की नमाज विभिन्न मस्जिदों में शांति और सुकून के साथ अदा की गई।

# रामलीला ग्राउंड में बहुउद्देशीय शिविर कल

काशीपुर। सेवा सुशासन व विकास के तीन वर्ष पूर्ण होने पर कल यानी 29 मार्च को रामलीला ग्राउंड में बहुउद्देशीय शिविर व चिकित्सा शिविर लगाया जा रहा है जिसमें आयुष्मान कार्ड जाति प्रमाण पत्र राशन कार्ड विकलांग सर्टिफिकेट किसान पेंशन विधवा पेंशन वृद्धा पेंशन आधार कार्ड पैन कार्ड कृषि विभाग या खाद्य पूर्ति विभाग से संबंधित समस्याओं की सुनवाई व समाधान किया जाएगा। क्षेत्रीय जनता से बहुउद्देशीय शिविर चिकित्सा शिविर में भागीदारी करने की अपील की गई है।


## कार्यालय तहसीलदार रूद्रपुर, जनपद उधमसिंहनगर

Email Id: tehsilrudrapur@gmail.com, 05944-250010

### -: कार्यालय आदेश :-

राजस्व उप निरीक्षक/राजस्व निरीक्षक की जांच आख्या पर परगना मजिस्ट्रेट महोदय रूद्रपुर के अनुमोदन आदेशानुसार ग्राम जगतपुरा, तहसील रूद्रपुर, जिला-उधम सिंह नगर में स्थित प्राचीन श्री अटरिया देवी मन्दिर में दिनांक-05.04.2025 से दिनांक-28.04.2025 तक आयोजित होने वाले मेले के सफल एवं विवादरहित आयोजन तथा संचालन हेतु न्यायहित एवं जनहित में निम्न प्रकार टीम का गठन किया जाता है:-

| | | |
|---|---|---|
| 01- नायब तहसीलदार, रुद्रपुर | - | (अध्यक्ष) |
| 02-जिला पर्यटन अधिकारी, उधमसिंहनगर द्वारा प्रतिनिधि | - | (सदस्य) |
| 03- चौकी प्रभारी, सिडकुल पन्तनगर | - | (सदस्य) |
| 04- कोषाधिकारी उधम सिंह नगर | - | (सदस्य) |
| 05- सहायक नगर आयुक्त नगर निगम, रूद्रपुर | - | (सदस्य) |
| 06- कर निरीक्षक, नगर निगम, रूद्रपुर | - | (सदस्य) |
| 07- राजस्व निरीक्षक क्षेत्र, रूद्रपुर | - | (सदस्य) |
| 08- राजस्व उप निरीक्षक क्षेत्र, रम्पुरा | - | (सदस्य) |

अत: आपको निर्देशित किया जाता है कि दिनांक-05.04.2025 से दिनांक-28.04.2025 तक आयोजित होने वाले श्री अटरिया देवी मन्दिर, जगतपुरा, रूद्रपुर के सफल एवं विवादरहित आयोजन तथा संचालन में अटरिया मन्दिर के समीप स्थित सरकारी भूमि की खुली नीलामी के माध्यम से दुकानों के आवंटन हेतु आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें एवं कृत कार्यवाही से अघोहस्ताक्षरी को भी अवगत कराना सुनिश्चित करें।


अत: खुली नीलामी की प्रकिया दिनांक 01.04.2025 को अपराहन 03:00 बजे से कक्ष सं० 23 तहसीलदार रूद्रपुर के न्यायालय में सम्पन्न की जायेगी। खुली बोली में प्रतिभाग करने वाले इच्छुक व्यक्ति किये जाने हेतु निविदा प्रपत्र का शुल्क (500/रू0 + GST (18%) 590 रु० एवं बोलीदाता अपने साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड, जी०एस०टी० रजिट्रेशन, चरित्र, शपथ पत्र दस्तावेजों की स्व प्रमाणित छायाप्रति अवश्य लायें।

ह0अ0
परगना मजिस्ट्रेट, रुद्रपुर।

पत्रांक: 4251/सात-र०का०/ नीलामी / 2025 — दिनांक 25 मार्च 2025


# भारतीय मानक ब्यूरो ने दिया व्याख्यान

पंतनगर(उद संवाददाता) भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के एम.ओ. यू. एवं विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह के तकनीकी व्याख्यान माला अनुमोदन के क्रम मे विश्व विद्यालय के प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में




(बीआईएस) के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों श्री सिनम हडसन सिंह, वैज्ञानिक-डी और श्री वैभव यादव वैज्ञानिक-बी, की ओर से सिविल इंजीनियरिंग के विभिन्न सात-व्याख्यान सत्र: भवन निर्माण सामग्री, मृदा यांत्रिकी और नींव इंजीनियरिंग, कंक्रीट प्रौद्योगिकी, प्रबलित कंक्रीट डिजाइन, स्टील डिजाइन, और जल संसाधन इंजीनियरिंग (जल विज्ञान, बाढ़ नियंत्रण और भूजल पुनर्भरण, सिंचाई इंजीनियरिंग और हाइड्रोलिक संरचनाएं) आदि पर 24-25 मार्च 2025 को तकनीकी व्याख्यान बी.टेक. सिविल इंजीनियरिंग के साथ ही स्नातकोत्तर, पी.एच.डी. एवं अन्य इच्छुक छात्र-छात्राओं के लिए प्रौद्योगिकी महाविद्यालय सभागार में आयोजित किया गया। इस दौरान अधिष्ठाता प्रौद्यागिकी महाविद्यालय डा. एस.एस. गुप्ता ने (बीआईएस) उदयपुर की कार्यशाला के अपने अनुभव को साझा किए। उन्होने भविष्य के इंजीनियरों को आवश्यक कौशल और ज्ञान से लैस होकर इंजीनियरिंग प्रथाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए मानकीकरण के महत्व पर बल दिया। कार्यक्रम समन्वयक एवं पन्तनगर विश्वविद्यालय में मानकीकरण के चेयर प्रोफेसर डा. एस.बी. सिंह ने मानकीकरण के विभिन्न गतिविधियों के


## कंबाईन से गेहूं कटाई / रीपर से भूसा बनवाई / लाग बिक्री निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि गुरुद्वारा श्री नानकमता साहिब के 04 कृषि फार्मों (चौमेला फार्म-100 एकड गेहूं, देवीपुर फार्म-100 एकड गेहूं, नानकमता फार्म-50 एकड गेहूं, प्रतापपुर फार्म-75 एकड गेहूं,) के कुल 325 एकड़ गेहूं की फसल की कंबाईन द्वारा कटाई कराये जाने, रीपर द्वारा भूसा बनवाये जाने व गेहूं की कटाई के बाद भूसा बनवाये जाने से अतिरिक्त बचे अवशेष / पुआल (लाग) की बिकी हेतु निविदा दि०-02/04/2025 दिन बुधवार पूर्वाहन 10.00 बजे तक गुरुद्वारा श्री नानकमता साहिब कार्यालय में आमंत्रित की जाती है, जो कि उसी दिन कमेटी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख पूर्वाहन 10.30 बजे खोली जायेगी। इच्छुक निविदादाता अर्नेस्ट मनी जमा कर निविदा प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदा प्रपत्र, नियम व शर्तें गुरुद्वारा श्री नानकमता साहिब से प्राप्त कर सकते है। निविदा प्रपत्र के साथ अर्नेस्ट मनी की रसीद संलग्न होना आवश्यक है।

( स0 अमरजीत सिंह )
जनरल सेक्रेटरी
गु०प्र०कमेटी श्री नानकमता साहिब
मो० नंबर-6396521367-9917473403

# कुलाधिपति स्वर्ण पदक दीर्घा का अनावरण

पन्तनगर (उद संवाददाता)। विश्व विद्यालय की स्थापना वर्ष 1960 में हुयी तथा वर्ष 1963 से विश्वविद्यालय अपना दीक्षांत समारोह आयोजित कर रहा है और अद्यतन 36वां दीक्षांत समारोह आयोजित कर चुका है। इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय अपने-अपने श्रेष्ठ/ उत्कृष्ट शैक्षणिक विद्यार्थी को कुलपति स्वर्ण पदक से सम्मानित करता रहा है एवं इन विद्यार्थियों के नाम सम्बन्धित महाविद्यालय के मेरिट बोर्ड पर अंकित किया जाता है। विश्वविद्यालय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी जो कि शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद, वाद-विवाद एवं अन्य सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं आदि में उत्कृष्ट होते है उन्हें वर्ष 1971 से कुलाधिपति स्वर्ण पदक से सम्मानित करना प्रारम्भ किया। विभिन्न महाविद्यालयों के अब तक 52 विद्यार्थी यह पदक प्राप्त कर चुके हैं। इन सभी



सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों के नाम को सार्वजनिक रुप से प्रदर्षित करने हेतु विश्वविद्यालय पुस्तकालय में कुलाधि पति स्वर्ण पदक दीर्घा की स्थापना की गयी जिसका अनावरण विश्वविद्यालय के कुलपति डा. एम. एस. चौहान के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर डा. चौहान ने पुस्तकालय के प्रभारी अधिकारी डा. एस. सी. त्रिपाठी एवं उनकी टीम की सराहना करते हुये पुस्तकालय को एक महत्वपूर्ण इकाई बताया जो कि विश्वविद्यालय के शिक्षा, शोध एवं प्रसार कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है कुलपति जी द्वारा विश्व विद्यालय पुस्तकालय को भविष्य में और अधिक सुदृढ़ करते हुए बेहतर सुविधाएं प्रदान करने का आहवन किया एवं इस हेतु पूर्ण सहयोग का अश्वासन दिया।अनावरण कार्यक्रम में कुलसचिव डा. दीपा विनय, निदेशक प्रशासन वी.एस. चलाल समेत समस्त अधिष्ठाता, निदेशक आदि उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के आयोजन में डा. के. पी. सक्सेना, श्रीमती हेमा हल्दुआ, डा. पंकज सिंह, श्रीमती चन्दा आर्या, एवं डा. सूपर्णा शर्मा का विशेष योगदान रहा।

# कुरान में तब्दीली की गुंजाइश नहीं: मुफ्ती आलम

गदरपुर( उद संवाददाता) ।कुरान मुकद्दस कलाम-ए-इलाही है। नाजिल होने कि बाद से आज तक कुरान में कोई बदलाव नहीं है और ना ही इसमें कोई तब्दीली की जा सकती है। यह बात बृहस्पतिवार की रात जामा मस्जिद में जश्ने-कुरान कार्यक्रम में खिताब कर रहे मुफ्ती जनाबे आलम साहब ने अपनी तकरीर में कही। यहाँ रमजान की 27वी शब में तरावीह में कुरान मुकम्मल हुआ जिसमे हाफिज मुराद अली ने कुरान सुनाया और जामा मस्जिद के पेशे इमाम कारी जाने आलम ने सुना। उन्होंने ने कहा कि कुरान जिंदगी जीने का तरीका सिखाता है। कुरान सीखें, पढ़ें, और इसकी बातों



पर अमल करें। इस दौरान मस्जिद सदर मो जफर, हाजी शाहिद खान, सामाजिक कार्यकर्ता, अकील रजा, जाकिर हुसैन, शाहिद अली, जुल्फिकार अली, मुजफ्फर हुसैन, मो यासीन, नाजिम पाशा, सोनू, फरमान अली, इंतखाब हुसैन, राशिद अली, इबले ठेकेदार, फईम सकलैनी, खलील ठेकेदार, मीनू पाशा, इमरान पाशा, एजाज पाशा, असलम सलमानी, फरहीम हुसैन, अकबर अली, रिजवान पाशा, मो आजम, नईम, जमील अहमद, शहर की मस्जिदों के इमाम उलेमा आदि मौजूद रहे।

# पूर्व सीएम त्रिवेन्द्र सिंह रावत का प्रयास सराहनीय: गणेश

किच्छा( उद संवाददाता)। पूर्व दर्जा राज्य मंत्री गणेश उपाध्याय ने हरिद्वार से सांसद एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र रावत द्वारा उत्तराखंड में बाहरी राज्यों के ठेकेदारों को खनन में शामिल किए जाने पर उठाए गए सवालों की सराहना करते हुए कहा कि विगत कई वर्षों से उत्तराखंड की देव भूमि के सीने को अवैध खनन व मिट्टी ओवरलोडेड गाड़ियों द्वारा दिन रात जहां एक तरफ ,सड़कों का नुकसान पहुंचाया जा रहा है वहीं सड़क दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। प्रकरण को बार-बार विपक्षी पार्टियाँ खासकर कांग्रेस सदन में उठाते आ रही थी , जिसे हमेशा सरकार ने अनसुना किया । पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान में हरिद्वार के सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने लोक सभा में इस बात को कहकर पक्की मोहर लगा दी है। उत्तराखंड में जो चल रहा है, देवभूमि उत्तराखंड राज्य के लिए अच्छा नहीं है। जिला हरिद्वार, देहरादून, नैनीताल व उधम सिंह नगर चार जिलों मे खनन व्यवसाय से जहां लगभग 10 लाख परिवार , एक मानक के तहत खनन करके अपना व्यवसाय करते थे। आज दक्षिण भारत की एक कंपनी को देकर उन लाखो परिवारों को बेघर करने का कार्य किया जा रहा है । जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन जो लगातार अनदेखी करके इस अवैध व्यवसाय को रोकने की रुचि नहीं ले रहा था, जरूर आंखें खोलने का कार्य किया है।

# अमन कमेटी की बैठक में उठया मूलभत सुविधाओं का मुद्दा

काशीपुर( उद संवाददाता)। अलविदा जुम्मा व ईद पर्व को निर्विघ्न तरीके से संपन्न कराने को लेकर कोतवाली में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। पुलिस द्वारा बुलाई गई इस बैठक में जिम्मेदार अधिकारियों के ना मौजूद होने पर ईदगाह कमेटी ने सख्त नाराजगी जताई। अमन कमेटी की इस बैठक में खासकर मूलभूत सुविधाओं का मुद्दा छाया रहा। वक्ताओं ने कहा कि शुक्रवार को अलविदा जुम्मा की नमाज है इस मौके पर मस्जिद तथा ईदगाहों के आसपास साफ सफाई करने के साथ ही प्रकाश व पेयजल की व्यवस्था दुरुस्त की जानी चाहिए। इसके साथ ही फोर्स के समुचित तैनाती की व्यवस्था की जानी चाहिए ताकि त्यौहार में किसी भी प्रकार का व्यवधान न उत्पन्न हो सके। वक्ताओं ने कहा कि अलविदा जुम्मा तथा ईद की नमाज के वक्त रूट डायवर्ट किया जाना



अति आवश्यक है। इसके साथ ही मोहल्ला महेशपुर बाल्मीकि बस्ती के लोगों को भी सख्त ताकीद किए जाने की अपील किया गया है कि वह किसी भी हाल में जानवरों (सुअरों) को खुला ना छोड़े। बैठक में ईदगाह कमेटी के सदर हसीन खान, बसपा नेता मोहम्मद अशरफ एडवोकेट, अब्दुल सलीम एडवोकेट, डॉ एम ए राहुल, राशिद फारुखी, अख्तर अली माहीगीर, अब्दुल कादिर आदि दर्जनों मौजूद रहे। वहीं अमन कमेटी की बैठक में मौजूद पार्षद अब्दुल कादिर ने सहायक नगर आयुक्त के समक्ष आवारा कुत्तों से निजात दिलाए जाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि नगर निगम की 40 वार्डों में लगभग 25 हजार से भी अधिक आवारा कुत्ते हो चुके हैं। यदि उनकी घर पकड़ नहीं हुई तो दो-चार दिन के भीतर ही यह आंकड़ा 40 के पार चला जाएगा। पार्षद ने कहा कि आश्चर्यजनक तरीके से शहर में बढ़ती आवारा कुत्तों की तादाद आम लोगों के लिए जी का जंजाल बन चुकी है। आवारा कुत्ते अक्सर किसी मेंकिसी को अपना शिकार बना रहे हैं। मजे की बात यह है कि कुत्तोंका इंजेक्शन लगाने के लिए राजकीय चिकित्सालय में इंजेक्शन बाहर से खरीद कर लाना पड़ता है।

# ग्रीन वर्ल्ड स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित

शक्तिफार्म ( उद संवाददाता) ।ग्रीन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न कराई गयी। इसका उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित मंडल ,व्यापार मंडल अध्यक्ष रविन्द्र अग्रवाल, पंकज रॉय ,निर्मल सरकार व गोविंद पोखरिया,गोविंद सरकार, मनोज सरकार, विक्रम भंडारी, ललित रौतेला ने सरस्वती माँ के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर किया। तत्पश्चात खेल झंडा फहराया गया और मसाल प्रज्वलित कर खेलों का शुभारंभ किया। ग्रीनवर्ल्ड पब्लिक स्कूल शक्ति फार्म में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विद्यालय द्वारा बनाए गए चार हाउस रानी लक्ष्मीबाई हाउस चंद्रशेखर आजाद हाउस सरदार भगत सिंह हाउस और नेताजी सुभाष चंद्र बोस हाउस के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया विद्यालय परिसर के विशाल मैदान पर विभिन्न प्रकार की




एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें बच्चों विजयी खिलाड़ियों में रुद्रांश प्रताप सिंह, वंश रावत,गौरव मेवाड़ी, विराट मेवाड़ी युवराज सिंह,श्रेया साहनी प्रथम एस. बिष्ट,लवजोत सिंह, मानव मंडल,शौर्य एस. बिष्ट,गौरव मेवाड़ी,विराट मेवाड़ी,खुशी बिष्ट, दिव्या बिष्ट, शिवानी, लवप्रीत कौर, प्रियांशी गुप्ता, अनुष्का विश्वास, भूमिका, कोमल कौर, मानव मंडल, रुद्रांश प्रताप सिंह, दिव्यांशु बिष्ट, परिधि बिष्ट, पीहू बाला, खुशी बिष्ट, पवन जोशी, पीहू बाला, दिव्या बिष्ट, शिवानी, समर बोरा, लक्ष्य बाला, एकम कौर,लक्ष्य सिंह, सूरज वाइन सहित कई बच्चों ने एथलेटिक खेलों में 800मीटर,400 मी,200 मी, ऊंची कूद, लंबी कूद, गोला फेक,1600 मी आदि दौड़ों में स्वर्ण,कांस्य व रजत पदक प्राप्त किया।दो दिवसीय खेलो में रानी चंद्र शेखर आजाद हाउस का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा।विद्यालय प्रबंधन नवीन जोशी जी ,मनोज पंत प्रधानाचार्य सदानंद बिस्वास सहित समस्त स्टाफ ने सभी प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दी।

# सेवा योजना का शिविर सम्पन्न

किच्छा( उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य, डॉ राजीव रतन के द्वारा की गई। शिविर में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. नरेश कुमार का भी सहयोग प्राप्त हुआ । शिविर के कार्यक्रमों की रूपरेखा पूर्व में डा. प्रकाशचन्द्र भट्टर जी, डॉ. उमराव सिंह एवं डॉ. मनीषा पाण्डेय द्वारा निर्मित की गई थी। राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित इस शिविर में महाविद्यालय के समस्त कर्मचारीगण, शुभम गंगवार, लवली पाण्डेय, आनन्द,सोनू ने भी सहयोग प्रदान किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के इस शिविर में प्राची, पदरी, दुर्गा , आमिर , ईश्वर, पायल, तारिक ,शाहनवाज, रोशनी, अन्नू, महेंद्र प्रताप, अंकित ,प्रेम ,आफरीन आदि प्रतिभाग किया।




# कुरान-ए-पाक हुआ मुकम्मल, मांगी दुआंए

## वार्ड वासियों ने कलाम ए पाक पढ़ने और सुनने वाले हाफिज को गिफ्ट में दी मोटरसाइकिल

गदरपुर ( उद संवाददाता)। शहर की बाजार वाली मस्जिद में 26 वें रोजे को नमाजे तराबी में कुराने पाक मुकम्मल हुआ,हाफिज वसीम राजा ने कुरान सुनाया और हाफिज जाकिर हुसैन सहित काफी लोगों ने कुराने पाक सुना इसके बाद मुल्क में अमन चैन और खुशहाली के लिए दुआ की गई वहीं पूर्व सभासद मोहम्मद आलम सहित वार्ड के लोगों ने मिलकर हाफिज को नजराने के तौर पर स्पलेंडर प्लस मोटरसाइकिल गिफ्ट दी। मोहम्मद आलम ने बताया कि गदरपुर के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि बस्ती के सब लोगों ने मिलकर हाफिज लोगों को मोटर साइकिल गिफ्ट



में दी है। उन्होंने कहा कि सभी को इस मुबारक महीने का एतराम करना चाहिए। इस महीने में अल्लाह अपनी रहमते व बरकतें अता फरमाता है। अल्लाह तबारक बताला ने रमजान उल मुबारक के महीने को साल के सभी महीनों से बेहतर बताया ।कहा कि इस पाक महीने में हमें झूठ, गीबत, चुगलखोरी से बचना चाहिए,साथ ही जकात भी जल्द से जल्द अदा करना जरूरी है, जिससे गरीब व कमजोर लोग भी ईद की खुशियों में शामिल हो सकें हाफिज जाकिर हुसैन ने सभी लोगों का शुक्रिया अदा करते हुए बताया कि रमजान माह को सबसे पवित्र महीना माना जाता है जिसमें मुसलमान रोजा रखते हैं और रात में ईशा की नमाज के बाद विशेष नमाज तरावी अदा करते हैं,इस दौरान कुराने पाक को मुकम्मल करने की परंपरा निभाई जाती है जो इबादत का एक अहम हिस्सा है, यह न केवल अल्लाह की इबादत करने का जरिया है बल्कि कुरान सुनने और समझने का भी एक सुनहरा अवसर होता है वही हाफिज वसीम राजा ने भी वार्ड वासियों का आभार जताते हुए मुल्क की तरक्की की दुआएं की, वही वार्डवासियों ने 26 वें रोजे पर कुरान ए पाक मुकम्मल होने के बाद दुरूदे पाक के बाद मिठाई भी बांटी गई इस दौरान मोहमद हमीद , सज्जाद, रहीस, नाजिर अंसारी, असीम, साजिद, आमिल, आसिफ मालिक, आमिर अंसारी, समीर पाशा, दानिश पाशा, इकबाल भाई, सिकंदर भाई, आबिद भाई, अली अहमद, सिब्ते नबी,तब्बन अली, रशीद भाई, फैज पाशा,रागिब अंसारी, शाहरुख अंसारी, शाकिर भाई, मोहमद रफी,अली अहमद मंसूरी, शकील भाई एवं बाबू सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# उत्तराखण्ड में प्राकृतिक खेती की प्रचुर संम्भावनाएं



पन्तनगर (उद संवाददाता)। विश्वविद्यालय पंतनगर के सेन्टर फॉर नेचुरल फार्मिंग (सी.ओ.एन.एफ) मे उत्तराखण्ड के विभिन्न जनपदों से आये कृषि वैज्ञानिक अधिकारियों का तीन-दिवसीय प्राकृतिक खेती के विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। भारत सरकार के कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग से वित्तपोषित, नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग (सी.ओ.एन.एफ) के अन्तर्गत प्रशिक्षण के समापन समारोह में विश्वविद्यालय के निदेशक षोध डा अजीत सिंह नैन के द्वारा सम्पन्न हुआ। नेचुरल फार्मिंग केन्द्र की नोडल अधिकारी प्राध्यापिका डा. सुनीता टी. पाण्डेय द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में प्राकृतिक खेती की आवश्यकता, महत्व, सिद्धान्त, विधि, व वैज्ञानिकता सम्बधी विषय वस्तु को विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुत किया गया। प्रशिक्षणाथियों को प्राकृतिक खेती में उपयोग होने वाले निवेशों को बनाने व उपयोग किये जाने की जानकारी दी गई। साथ ही सेन्टर फॉर नेचुरल फार्मिंग (सी.ओ.एन.एफ) पंतनगर के प्राकृतिक खेती के जीवंत मॉडल का भ्रमण भी विशेषज्ञों द्वारा कराया गया। इसके अतिरिक्त प्राकृतिक खेती को लोकप्रिय बनाने हेतु कृषको की कैपेसिटी बिल्डिंग, सामुदायिक रिसोर्स कृषक तथा कृषकों का चयन कैसे हो, प्रशिक्षण व प्रदर्शन प्रक्षेत्र विकसित करने की रूप-रेखा तथा उसके अन्तर्गत की जाने वाली गतिविधियों आदि का प्रस्तुतीकरण उत्तराखण्ड के कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सभी प्रशिक्षणार्थीयों द्वारा इस प्रशिक्षण को संतोशजनक बताते हुए अपने कृषि वैज्ञानिकों के माध्यम से प्राकृतिक खेती को और सशक्त किये जाने हेतु विचार प्रस्तुत किये गये।कार्यक्रम में उत्तराखण्ड के विभिन्न जनपदों से आये कृशि वैज्ञानिक, अधिकारियों, प्रशिक्षणाथी, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डा. सुभाष चन्द्रा, संयुक्त निदेशक डा. एस. के. वर्मा, निदेशक प्रसार के प्रतिनिधि डा. बी.डी. सिंह, अधिष्ठाता पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय डा. अहमद, निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल, विश्व विद्यालय के संकाय सदस्य तथा प्राकृतिक खेती के शोधार्थी आदि उपस्थित थे।

## गेंहू खरीद की तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व अशोक कुमार जोशी की अध्यक्षता में मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत गेंहू विपणन सत्र 2024-25 गेंहू खरीद हेतु तैयारियों की बैठक आयोजित हुई। अपर जिलाधिकारी ने गेंहू खरीद संस्थाओं को खरीद की सभी व्यवस्थाऍं समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।बैठक में सहायक निबन्धक सहकारिता ने बताया कि गेंहू विपणन सत्र 2024-25 में गेंहू खरीद हेतु जनपद में 40 क्रय केन्द्र खोले जायेंगे। जिसमें आरएफसी द्वारा 9, एनसीसीएफ द्वारा 3 व यूसीएफ द्वारा 28 क्रय केन्द्र खोले जायेंगे।अपर जिलाधिकारी श्री जोशी ने गेंहू क्रय केन्द्रों पर सभी व्यवस्थाऍं समय से पूर्ण कराने व पर्याप्त बारदाना रखने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि खरीद केन्द्रों के बाहर खोलने का समय फोन न0 सहित बैनर लगाने तथा पर्याप्त स्टॉफ तैनात करने के निर्देश दिये ताकि किसानों को कोई परेशानी न हो। बैठक में आरएफसी कुमाऊँ बीएल फिरमाल, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, एआर कॉपरेटिव सुमन कुमार, आरएम यूसीएफ त्रिलोचन पाठक, डिप्टी आरएमओ अशोक कुमार, एनसीसीएफ के अतहर हुसैन उपस्थित थे।

## बालिकाओं ने लगाई गई वैज्ञानिक प्रदर्शनी



गदरपुर(उद संवाददाता)। बहुउद्देशीय शिविर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय बालिका छात्रावास गदरपुर की बालिकाओं द्वारा सीमित साधनों के बावजूद तैयार किए गए विभिन्न कलाकृतियों के मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार की सुंदर कलाकृतियों का प्रदर्शन किया गया जिनमें साइंस के विभिन्न मॉडलों को दर्शाया गया एक छात्रा ने अपने आसपास के वातावरण को ठंडा कैसे रखें सहित अन्य वैज्ञानिक मॉडलों का प्रदर्शन किया, जिसकी विधायक अरविंद पांडे ,पालिकाध्यक्ष मनोज कुमार,भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज पाल एवं पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा द्वारा सराहना की गई,वहीं ग्राम कौशलपुर की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा विभिन्न प्रकार के मसाले एलईडी बल्ब के अलावा अन्य उत्पादों का प्रदर्शन किया गया जिन्हें स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किया गया था, इधर ग्राम मकरंदपुर की मनप्रीत कौर के नेतृत्व में अंडो का प्रदर्शन करते हुए उनके लाभ के बारे में जानकारी दी गई, ग्राम राजपुरा की मुस्कान द्वारा महिलाओं के लिए तैयार की सुंदर जूतियों के बारे में जानकारी देते हुए प्रदर्शन किया और सेल की गई गई।

## स्थायी लोक अदालतों की जानकारी जनता तक पहुंचाने के लिए बनाई रूपरेखा



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। बृहस्पतिवार को माननीय उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशों के अनुपालन में स्थायी लोक अदालत, ऊधम सिंह नगर के कार्यालय में प्रभारी अध्यक्ष अब्दुल नसीम एवं सदस्य अर्चना पीयूष पंत के नेतृत्व में जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्तागणों के साथ स्थायी लोक अदालत एवंइसके उद्देश्य, लाभ एवं शक्ति संबंधित जानकारी को आमज नमानस तक पहुंचाने हेतु बैठक का आयोजन किया गया। प्रभारी अध्यक्ष ने बताया कि स्थायी लोक अदालत का उद्देश्य जनउपयोगी सेवाओं से सम्बन्धित मामलों का त्वरित एवं नि:शुल्क निस्तारण करना है। उन्होने बताया कि वायु/सडक/जलमार्ग द्वारा यात्रियों या माल के वहन के लिये यातायात सेवा, डाक, तार या टेलीफोन सेवा, किसी संस्थान द्वारा जनता को विद्युत प्रकाश या जल का प्रदाय, सार्वजनिक मल वहन या स्वच्छता प्रणाली, अस्पताल या औषधालय सेवा, बीमा सेवा, शैक्षिक या शैक्षणिक संस्थान, बैंकिंग एवं वित्तीय सेवा, आवास और भू-संपदा सेवा का निस्तरण किया जाता है। उन्होने बताया कि स्थायी लोक अदालत में जनउपयोगी सेवाओं से पीड़ित कोई भी व्यक्ति नि:शुल्क आवेदन कर सकता है तथा कोई न्याय शुल्क नहीं लगता है। स्थायी लोक अदालत में ऐसे वादों का प्री-लिटिगेशन स्तर पर निस्तारण किया जाता है, जो किसी भी न्यायालय में लंबित अथवा संदर्भित नहीं किये गये है। स्थायी लोक अदालत में पारित आदेश सिविल न्यायालय की डिक्री के समान होता है। यह आदेश सभी पक्षकारों पर बाध्यकारी होता है। स्थायी लोक अदालत के आदेश के विरुद्ध किसी भी न्यायालय में अपील नहीं की जा सकती है। स्थायी लोक अदालत में पक्षकारों के मध्य वाद निस्तारण तुलह-समझौते के आधार पर किया जाता है तथा उक्त के माध्यम से निस्तारण न होने की दशा में, गुणदोष के आधार पर किया जाता है। स्थायी लोक अदालत को ऐसे मामले में अधिकारिता है, जिसमें वादग्रस्त संपत्ति का मूल्य एक करोड़ रूपये तक है। स्थायी लोक अदालत एक साधारण प्रक्रिया है, जिसमें वादों के निस्तारण में बहुत कम समय लगता है। स्थायी लोक अदालत में प्रत्येक कार्यदिवसों में बादों की सुनवाई होती हैं। उन्होने बताया कि जो भी व्यक्ति उपरोक्त जनउपयोगी सेवाओं से संबंधित अपने मामलों का त्वरित/नि:शुल्क निस्तारण करवाना चाहते हैं, वह किसी भी कार्यदिवस में स्थायी लोक अदालत एडीआर जिला न्यायालय परिसर रूद्रपुर दूरभाष 05944-250207 पर संपर्क कर सकते है। बैठक में वरिष्ठ अधिवक्तागण डीडी गुणवंत, आदित्य सिंघल, गुरबाज सिंह, मनमीत सिंह, मो० मिराज, कमल चिलाना, भूपेश पंत, निष्कर्ष एड० बादल, चिराग छाबड़ा, विवेक बिष्ट आदि विद्वान अधिवक्तागण उपस्थित रहें।






# नशे का नेटवर्क तोड़ने को करें सख्त कार्रवाई: रिद्धिम

## जनपद उधमसिंह नगर के अधिकारियों को दिए निर्देश





रुद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस महानिरीक्षक कुमायूँ परिक्षेत्र श्रीमती रिद्धिम अग्रवाल कुमायूँ रेंज पदभार ग्रहण करने के उपरान्त पहली बार जनपद ऊधमसिंहनगर के वरिष्ठ पुलिस कार्यालय पहुँची। जहाँ पर उन्होंने जनपद के अधिकारियों के साथ गोष्ठी की। जिसमें अनेक बिन्दुओं पर उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया। उनके द्वारा मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार ड्रग्स फ्री देवभूमि पर समीक्षा के दौरान निर्देशित किया गया कि नशे के विरुध समय-समय पर कार्यवाही की जा रही है। परन्तु कार्यवाही में ध्यान दिया जाये कि केवल नशे के छोटे-छोटे कारोबारियों को पकड कर वाह-वाही न लूटी जाये, नशे के कारोबार में लिप्त बडे सरगानाओं के विरुध कठोर कार्यवाही कर उनकी सम्पत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही भी की जाये। युवाओं को नशे के प्रभाव से दूर रखने के लिए उत्तराखण्ड शासन द्वारा प्रत्येक स्कूल /कालेज में एण्टी ड्रग्स कमेटी का गठन किया है किन्तु ये कमेटी प्रभावी नहीं है, प्रभावी करने के लिए एण्टी ड्रग्स कमेटी के साथ लगातार गोष्ठियों का आयोजन किया जाये, जो युवा शुरुआती दौर में नशे के गिरफ्त में आ रहे है ऐसे युवाओं की कमेटी माध्यम से काउंसलिंग कर उनको नशे के दुष्प्रभाओं के बारे में बताया जाये जिससे उनकों शुरुआती दौर में ही नशे की लत से निकाला जा सके, परिजनों से भी अनुरोध है कि वो भी सजग हो कहीं आपका बच्चा नशा तो नहीं कर रहा है, उसकी एक्टिविटी पर विशेष ध्यान दें, स्कूल / कालेज, पीजी में ऐसे युवाओं से भी अपील की जाये कि यदि उनका कोई दोस्त नशा कर रहा है तो उसकी सूचना स्कूल प्रबन्धन या परिजनों को अवश्य बताये।उन्होंने बताया कि पिट एनडीपीएस एक प्रभावी एक्ट है परन्तु उसका सही से पालन नहीं किया जा रहा है। जिसमें ऐसे लोग होते है जो नशे के कारोबार में सदैव एक्टिव रहते है, नशा तस्करों की मदद (फंडिंग, ड्रग्स का आदान प्रदान) करते है या शामिल रहते है प्रत्येक थाना क्षेत्र में ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्द पिट एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत सख्ती से प्रिवेंटिव डिटेन्सन की कार्यवाही करें, जिसमें स्थानीय सूचना ईकाई को भीं एक्टिव किया जाये। महिला अपराधों के सम्बन्ध में गम्भीरता से निर्देश देते हुए कहा कि बलात्कार एवं पॉक्सो पीडितों की महिलाओं की बाल कल्याण विभाग एवं स्वास्थ विभाग के साध समन्वय स्थापित करते हुए जनपदों में मौजूद काउंसलर द्वारा वन स्टॉप सेटर के माध्यम से नियमित रुप से काउंसिलिंग कराई जाये, जिससे रेप विक्टिम सुसाईड जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकें।लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा में खासी नाराजगी व्यक्त की गयी। आईजी ने क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिये कि समय-समय पर विवेचकों का ओ-आर लेकर अपने निकट परिवेक्षण जाँचों /विवेचनाओं का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण किया जाये जिससे जनता को न्याय मिल सके। साथ मुख्यालय एवं रेंज स्तर से चलाये जा रहे समस्त अभियानों पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए शत प्रतिशत अनुपालन किया जाये। गोष्ठी में आईजी द्वारा बाबा तरसेम हत्याकांड में विगत दिवस पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही (अभियुक्त की गिरफ्तारी) की सराहना करते हुए कहा कि अन्य जो अभियुक्त प्रकाश में है या वॉछित है उनकी गिरप्तारी के लिए एसओजी व एसटीएफ के साथ समन्वय स्थापित करते हुए उनकी गिरफ्तारी शीघ्र की जाये। गोष्ठी में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकान्त मिश्रा, एसपी अपराध निहारिका तोमर, एसपी सिटी उत्तम सिंह नेगी, एसपी काशीपुर अभय सिंह, सुश्री निशा यादव प्रशिक्षु आईपीएस व जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी मौजूद रहे

# सांसद भट्ट ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री से की मुलाकात



रुद्रपुर(उद संवाददाता)। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजारापु राममोहन नायडू को मुलाकात के दौरान पत्र सौंपकर पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण और नाइट लैंडिंग की सुविधा सहित अन्य व्यवस्थाओं की यथाशीघ्र शुरू करने का अनुरोध किया है। अजय भट्ट ने मुलाकात के दौरान केंद्रीय मंत्री को पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण किये जाने के सम्बन्ध में उत्तराखण्ड के मंत्रीमण्डल के निर्णय के क्रम में पंतनगर एयरपोर्ट हवाई पट्टी के रन-वे की लम्बाई को 1372 मी0 से 3000 मी0 तक विस्तारित किये जाने हेतु 804.0162 एकड़ अर्थात् 323.5126 है भूमि नागरिक उड्डयन विभाग के नाम आवंटित की गई है, जिसमें से 524.78 एकड़ भूमि का भौतिक कब्जा, निदेशक, पंतनगर एयरपोर्ट ऑथोरिटी, पंतनगर को दे दिया गया है तथा 103 एकड़ भूमि पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण हेतु (सड़क इत्यादि बनाने) भूमि एन०एच०ए०आई० को दे दी गई है, जिस पर दाखिल खारिज भी हो गया है। जिसमें राज्य सरकार की तरफ से सारी कार्यवाही पूरी हो चुकी है और राज्य सरकार की तरफ से हर प्रकार का सहयोग भी दिया जा रहा है। जनहित को मद्देनजर रखते हुए अब तुरन्त पंतनगर एयरपोर्ट पर कार्य प्रारम्भ किया जाना बाकी है। अजय भट्ट ने केंद्रीय मंत्री से अनुरोध किया है कि जितनी जल्दी कार्य प्रारम्भ किया जाएगा, उतनी उसकी निर्माण लागत भी कम होगी और यदि देरी होती है, तो उस पर निर्माण लागत भी बढ़ेगी। वर्तमान में पंतनगर एयरपोर्ट को हस्तांतरित की गई भूमि पर बाउण्ड्री वॉल (लम्बाई 6.5 किमी०) बनाने हेतु पंतनगर एयरपोर्ट द्वारा आगणन बनाकर हैड क्वाटर को प्रेषित किया गया था है, जिसका अब टैण्डर भी हो चुका है। ै वपस ै नतअमल का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। एयरपोर्ट के रनवे का विस्तारीकरण 1372 मीटर से 3000 मीटर किया जाना है। नाईट लेंडिंग की सुविधा की जानी है। इसलिए भट्ट ने अनुरोध किया है कि उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में यथाशीघ्र उचित कार्यवाही किये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करना चाहें, ताकि काफी लम्बे समय से की जा रही मांग को पूरा किया जा सकें और यथाशीघ्र पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण का कार्य प्रारम्भ हो सके

# ईद की अलविदा नमाज के मद्देनजर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। अलविदा नमाज और ईद के मद्देनजर शांति व्यवस्था को देखते हुए पुलिस का फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस का फ्लैग मार्च ट्रांजिट कैंप क्षेत्र की गलियों से होते हुए आवास विकास में निकाला गया। इस दौरान ट्रांजिट कैंप थाने के प्रभारी निरीक्षक मोहन चन्द्र पांडेय ने बताया कि शुक्रवार को अलविदा नमाज और ईद के त्योहार पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए फ्लैग मार्च निकाला गया। उन्होंने बताया कि ईद पर अराजकता किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। फ्लैग मार्च में इंस्पेक्टर के अलावा एसआई महेश कांडपाल,एसआई अकरम अहमद,एसआई विजय कुमार,एसआई संतोष कुमार, एसआई ह्रदेश परिहार आदि पुलिस कर्मी रहे।



# संयुक्त टीम ने मेडिकल स्टोरों पर मारे छापे



रुद्रपुर(उद संवाददाता)।ट्रांजिट कैंप में स्वास्थ्य विभाग और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की टीम ने नशे के खिलाफ अभियान चलाते हुए पुलिस के साथ मिलकर मेडिकल स्टोरों पर छापेमार कार्यवाही की। इस दौरान टीम को कई मेडिकल स्टोर पर एक्सपायरी दवाई मिली, तो कई मेडिकल स्टोर पर नियमों के विरुद्ध काम हो रहा था। ट्रांजिट कैंप के एक मेडिकल स्टोर पर टीम को एक्स-रे मशीन लगी मिली, वही एक मेडिकल स्टोर पर मेडिकल स्टोर की आड़ में क्लीनिक चलाया जा रहा था और मरीज को ग्लूकोज की बोतल लगाई जा रही थी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव योगेंद्र कुमार सागर ने बताया लोगों की सेहत से खिलवाड़ ना हो इसके लिए टीम बनाकर कार्रवाई की गई है। इसमें टीम के द्वारा मुख्य रूप से नशे की दवाइयां पर फोकस किया गया, ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में चार मेडिकल स्टोर पर छापामार कार्रवाई की। इस दौरान अनियमितता मिलने पर तीन मेडिकल स्टोर के लाइसेंस को सस्पेंड करने के निर्देश दिए हैं और तत्काल प्रभाव से मेडिकल स्टोर को बंद कराया है। उन्होंने कहा यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# निर्मल ने सीडीएस परीक्षा में हासिल की 82वीं रैंक



हल्द्वानी । वार्ड 60 गौजाजली बिचली की लेन संख्या आठ निवासी निर्मल सनवाल पुत्र गिरीश सनवाल व प्रेमा सनवाल ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा कराई जाने वाली सीडीएस परीक्षा में तेरहवें निरन्तर प्रयास में एसएसबी जालंधर से सफलता पाकर ऑल इंडिया रैंक 82 हासिल की है। उसकी इस सफलता पर वार्ड के पार्षद संजय पाण्डे ने उसके आवास पर जाकर माल्यार्पण कर स्वागत कर उसे समस्त वार्ड वासियों की तरफ से शुभकामनाएं दीं। निर्मल ने कहा कि उसको सेना में ही अफसर बनना था और इसी के लिए वो वर्ष 2020 से निरंतर प्रयास कर रहे हैं। ट्रेनिंग इंडियन मिलिट्री एकेडमी, देहरादून में जुलाई से शुरू होगी। निर्मल अपने पीढ़ी के पहले सेना में अफसर बनेंगे। अपनी सफलता का श्रेय निर्मल ने अपने माता एवं पिता और अपने मित्रगण को देते हुए कहा कि जिन्होंने उनपर हमेशा अपना भरोसा और साथ बनाए रखा। उसने बताया कि प्रारंभिक शिक्षा दसवीं तक रेनबो एकेडमी तीनपानी से की और इंटर डॉन बोस्को स्कूल हल्दूचौड से की। उसके बाद उन्होंने अपनी स्नातकोत्तर तक शिक्षा एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी से की। बधाईं प्रेषित करने वालो में जन सेवा समिति के उपाध्यक्ष बिशन दत्त जोशी, ठाकुर सिंह अधिकारी, धीरेंद्र जोशी उपस्थित रहे।

# होली चाइल्ड स्कूल में धूमधाम से मना ग्रेजुएशन समारोह

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। होली चाइल्ड स्कूल में किंडरगार्टन (यू.के.जी) और प्राथमिक विंग के छात्रों के लिए एक रंगारंग और यादगार ग्रेजुएशन समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम स्कूल की युवा मनों को संवारने और उनकी प्रगति का जश्न मनाने की प्रतिबद्धता का प्रमाण था। मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद, बिलासपुर चित्रक मित्तल और विशिष्ठ अतिथि पुनीत मेहरा, निदेशक, स्पोर्ट्स अनलिमिटेड फाउंडेशन थे। संरक्षक योगराज बत्रा एवं श्रीमती सुमन बत्रा, उपाध्यक्ष विकास बत्रा, प्रबंध निदेशक श्रीमती पूजा बत्रा, सुश्री ईशिता बत्रा, प्रधानाचार्य श्री एम. दुबे, उप-प्रधानाचार्य (प्रशासन) श्री प्रदीप जोशी तथा उप-प्रधानाचार्य (शैक्षणिक) श्रीमती मंजू अधिकारी भी इस गरिमामयी अवसर पर उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत स्वागत भाषण से हुई, जिसके बाद एक के बाद एक रोमांचक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। छात्रों ने अपनी संगीतमय प्रस्तुति और ऊर्जावान नृत्य प्रदर्शन के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। किंडरगार्टन के छोटे ग्रेजुएट (यू.के.जी), अपनी नन्हीं टोपियों और गाउन में बेहद आकर्षक और आत्मविश्वास से भरे नजर आए। जब उन्हें ग्रेजुएशन प्रमाणपत्र प्रदान किए गए, तो पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट और माता-पिता व शिक्षकों की गर्वभरी मुस्कानों से भर उठा। कक्षा 5 के छात्रों ने, अपनी प्राथमिक शिक्षा के समापन को चिह्नित करते हुए, गर्व के साथ अपने प्रमाणपत्र प्राप्त किए। यह समारोह उनकी शैक्षणिक यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव था, और वे नई चुनौतियों और अवसरों के लिए उत्साहित दिखे। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और ग्रेजुएशन छात्रों के लिए एक विशेष विदाई संदेश के साथ हुआ।








# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## नागरिकों की आवाज

एक लोकतांत्रिक देश के संघीय ढांचे की अहम पहचान है सवाल पूछना और अभिव्यक्ति की आजादी। नागरिकों की आवाज को समाचार में जगह देना पत्रकार का दायित्व होता है। अगर वह सच्चाई सामने नहीं लाएगा, जनता की परेशानियों तथा उनकी नाराजगी को सामने नहीं रखेगा, तो पत्रकारिता अपना मूल उद्देश्य खो देगी। लेकिन आलम यह है कि शासन तंत्र अपने खिलाफ कोई भी स्वर नहीं सुनना चाहता। इसकी बानगी गुवाहाटी में देखने को मिली, जहां एक सहकारी बैंक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान वित्तीय अनियमितताओं को लेकर सवाल पूछने वाले पत्रकार को गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि बाद में एक अदालत ने पत्रकार को जमानत दे दी। उस बैंक में अहम पदों पर सत्ता से जुड़े रसूखदार लोग काबिज हैं और वह पत्रकार वहां चल रही अनियमितताओं को लेकर लगातार अपने समाचार पोर्टल पर लिख रहा था। हालांकि इस संबंध में पुलिस का कहना है कि उस पत्रकार ने जनजातीय समुदाय के एक व्यक्ति के खिलाफ जातिवादी टिप्पणियां की थी।व्यवस्था के विरोध में जनता के लिए लिखने वाले पत्रकारों के प्रति शासन की असहिष्णुता की खबरें अक्सर सामने आती हैं। लेकिन ऐसी स्थिति में कोई पत्रकार कैसे अपनी जिम्मेदारी निभा पाएगा। तमाम वैश्विक एजेंसियां भारत में प्रेस की स्वतंत्रता को लेकर सवाल उठा रही हैं। यह खेदजनक है कि प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत लगातार नीचे खिसक रहा है। 180 देशों में भारत वर्तमान में 159वें स्थान पर है। वर्ष 2003 से ही भारत का प्रदर्शन खराब आंका जा रहा है। सूचकांक के अनुसार, भारत में प्रेस की स्वतंत्रता को कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्रों, संयुक्त अरब अमीरात, तुर्किये और रूस के बराबर माना जा रहा है। ब्रिक्स देशों में ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका को भारत की तुलना में ज्यादा स्वतंत्रता प्राप्त है, जबकि चीन और रूस निचले पायदान पर हैं। दक्षिण एशियाई देशों में, बांग्लादेश को छोड़कर अन्य सभी देश नवीनतम सूची में भारत से बेहतर स्थान पर हैं। हमें सोचना होगा कि हम कहां खड़े हैं। लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत करने वाले इस अहम कारक की ओर ध्यान देना होगा कि यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता ही है जो भारत के लोकतंत्र को मजबूत करती है।

# उत्तराखंड में उपभोक्ता न्याय की स्थिति चिंता जनक

## तीन माह में होना था निपटारा, दस साल से अधिक से न्याय की आस में हैं विभिन्न उपभोक्ता

काशीपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड में उपभोक्ता न्याय की स्थिति चिन्ताजनक है। देरी से केसों के निपटारें व राहत न मिलने से उपभोक्ता हतोत्साहित हो रहे हैं और उपभोक्ता आयोगों की शरण लेने से ही उपभोक्ता बचने लगे हैं। जिन केसों का निपटारा तीन माह के अन्दर करने का प्रावधान है वह भी 10 साल से अधिक से फैसले के इंतजार में हैं। यह खुलासा उत्तराखंड राज्य उपभोक्ता आयोग द्वारा सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन एडवोकेट को उपलब्ध करायी सूचना से हुआ है। काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन एडवोकेट ने उत्तराखंड राज्य उपभोक्ता आयोग के लोक सूचना अधिकारी से राज्य आयोग द्वारा राष्ट्रीय आयोग को भेजे गये राज्य व जिला आयोगों द्वारा किये गये उपभोक्ता केसों के निस्तारण सम्बन्धी विवरणी की सूचना चाही थी। राज्य आयोग की प्रशासनिक अधिकारी/लोक सूचना अधिकारी, वन्दना शर्मा ने अपने पत्रांक 121 से सम्बन्धित विवरणी की सत्यापित फोटो प्रति उपलब्ध करायी है। श्री नदीम को उपलब्ध वार्षिक विवरणी 2024 के अनुसार वर्ष 2024 मे राज्य आयोग में केवल 29 केस फाइल हुये जिसमें 26 प्रथम अपील तथा 3 उपभोक्ता शिकायतों सम्बन्धी केस शामिल हैं। राज्य आयोग ने वर्ष 2024 में फाइल हुये उपभोक्ता केसों से चार गुने 12 केसों का निपटारा किया जबकि 11 गुना से अधिक 290 प्रथम अपीलों का निपटारा किया। वर्ष के अन्त में राज्य आयोग में 844 प्रथम अपील तथा 62 उपभोक्ता शिकायतों सम्बन्धी केस लंबित है। प्रदेश के 13 जिलों के आयोगो में वर्ष 2024 में कुल 682 केस फाइल हुये जबकि मात्र 41 प्रतिशत 282 केसों का ही निपटारा हुआ जबकि 3985 उपभोक्ता केस लंबित हैं।वर्ष वार केसों के लम्बित रहने के विवरण के अनुसार राज्य आयोग में वर्ष के अंत में लम्बित 62 उपभोक्ता केसों में से 9 दस वर्ष से अधिक से फैसले के इंतजार में हैं जबकि 18 दस वर्ष पुराने हैं, 28 सात वर्ष पुराने है 01 पांच साल पुराना, 02 दो वर्ष पुराने, 03 छः माह से एक वर्ष पुराने केस शामिल हैं। राज्य आयोगों में जिला आयोगों के फैसले से असंतुष्ट पक्षकारों की लंबित 844 प्रथम अपीलों में 35 दस वर्ष से अधिक पुरानी हैं, 106 दस वर्ष पुरानी, 253 सात वर्ष पुरानी, 161 पांच वर्ष पुराने, 194 तीन वर्ष पुरानी, 81 दो वर्ष पुरानी, 13 छः माह से एक वर्ष पुराने, 12 छः माह से कम पुरानी अपीलें शामिल है।वर्ष 2025 के प्रारम्भ में प्रदेश के 13 जिलों के जिला उपभोक्ता आयोगों में लम्बित 3985 उपभोक्ता केसों में 29 दस वर्ष से अधिक से फैसले के इंतजार में हैं, 75 दस वर्ष से, 310 सात वर्ष से, 653 पांच वर्ष से, 1339 तीन वर्ष से, 792 दो वर्ष से, 304 छः माह से एक वर्ष से, 427 छः माह से कम से फैसले के इंतजार में हैं।देरी से केसों के निपटारे व उपभोक्ताओं को राहत न मिलने से उपभोक्ता हतोत्साहित हो रहे हैं और प्रदेश में उपभोक्ता आयोगो की शरण लेने वालों में लगातार कमी आ रही है।श्री नदीम को उपलब्ध विवरण के अनुसार वर्ष 2016 में 292 केस राज्य आयोग में फाइल हुये थे जबकि 2017 में 169 केस ही फाइल हुये। वर्ष 2018 में 292, वर्ष 2019 में 468, वर्ष 2020 में 170, वर्ष 2021 में 205, वर्ष 2022 में 322, वर्ष 2023 में कम होकर 116 तथा 2024 में पिछले 9 वर्षों में न्यूनतम 29 केस ही फाइल हुये हैं। जिला आयोगों/जिला फोरमों की उपभोक्ताओं द्वारा शरण लेने में भी भारी कमी आयी हैं। वर्ष 2016 में 1462 केस फाइल हुये थे, वर्ष 2017 में कम होकर 1086, वर्ष 2018 में 1185, वर्ष 2019 में 1365, वर्ष 2020 में 1529, वर्ष 2021 में 1434, वर्ष 2022 में 1859, वर्ष 2023 में 970 तथा वर्ष 2024 में नौ वर्षों में न्यूनतम 682 केस ही जिला आयोगों में फाइल हुये हैं।उपभोक्ता संस्था माकाक्स के केन्द्रीय अध्यक्ष व सूचना अधिकार कार्यकर्ता श्री नदीम उद्दीन एडवोकेट ने बताया कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 तथा इससे पूर्व में लागू उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 में प्रयोगशाला में परीक्षण वाले केसों का निपटारा पांच माह में, अन्य सभी उपभोक्ता केसों का निपटारा तीन माह में करने का प्रावधान हैं लेकिन अधिकतर केसों का निपटारा उक्त तय समय सीमा में नहीं हो रहा हैं। शीघ्र न्याय न मिलना न्याय से इंकार की श्रेणी में आता हैं। इसके अतिरिक्त उपभोक्ता संरक्षण के लिये बने आयोगों/फोरमों के विभिन्न फैसलों में उपभोक्ता को कम, विपक्षियों को ज्यादा राहत मिलने की घटनाये सामने आयी है। इसलिये प्रदेश में उपभोक्ताओं का शोषण तो लगातार बढ़ रहा है, लेकिन उपभोक्ता आयोगों की शरण लेने से उपभोक्ता बच रहे हैं। इसके लिये राष्ट्रीय व राज्य आयोगों को अपनी अधिक्षण शक्तियों का प्रयोग करके उपभोक्ताओं को न्याय सुनिश्चित कराना चाहिये। इसके लिये माकाक्स भी राष्ट्रीय व राज्य आयोगों से अनुरोध करेगी।

# अनुसंधानात्मक शिक्षा पद्धति राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण: राज्यपाल



देहरादून (उद संवाददाता)। कुलाधिपति एवं राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गुरुवार को राजभवन में राजकीय विश्व विद्यालयों के कुलपतियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान राज्यपाल ने "वन यूनिवर्सिटी, वन रिसर्च" के अंतर्गत किए जा रहे शोध कार्यों सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। राज्यपाल ने विश्व विद्यालयों द्वारा शोध एवं पेटेंट कराए जाने पर बल देते हुए सभी विश्व विद्यालयों को निर्देश दिए कि लगातार शोध कार्यों पर फोकस किया जाए। विश्व विद्यालयों द्वारा किए जा रहे शोध कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि एक शोध पूर्ण होने से पहले, अगले शोध कार्य के लिए तैयारियां कराई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अनुसंधानात्मक शिक्षा पद्धति किसी राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके लिए अधिक से अधिक शोध कार्य कराए जाने पर ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों द्वारा शोध कार्यों के लिए बजट बढ़ाए जाने की भी आवश्यकता है। उन्होंने विश्वविद्यालयों द्वारा अपनी उपलब्धियों और शोध कार्यों की जानकारी सभी के साथ साझा किए जाने पर बल दिया। कहा कि इन अनुसंधानों से अधिक से अधिक लाभ उठाया जा सकेगा, जो जन कल्याण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। राज्यपाल ने प्रदेश में "चांसलर ट्रॉफी" के रूप में प्रत्येक वर्ष एक अंतर्विश्वविद्यालयी खेल प्रतियोगिता का आयोजन शुरू किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे प्रतियोगी प्रतिस्पर्धाओं के आयोजन से प्रदेश में युवा खेलों के प्रति जागरूक होंगे, उनकी खेलों के प्रति रूचि बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि अभी-अभी प्रदेश में राष्ट्रीय खेल सम्पन्न हुए हैं। इस प्रतियोगिता के माध्यम से खेल के लिए तैयार की गई आधारभूत संरचनाओं का अधिकतम उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने "चांसलर ट्रॉफी" में लोकप्रिय खेलों को शामिल किए जाने के भी निर्देश दिए। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालयों को यूजीसी अधिनियम की धारा 12बी के तहत केंद्रीय सहायता (यूजीसी अनुदान) के लिए निरंतर प्रयास किए जाएं। उन्होंने विश्वविद्यालयों द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, और रोबोटिक्स, आधुनिक तकनीकों के प्रयोग पर बल दिया। बैठक के दौरान राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों की समस्याओं और उनके निराकरण पर भी चर्चा की। इस अवसर पर राज्यपाल ने राजभवन में "वातायन: राष्ट्रवादी सिख की जीवन यात्रा" नामक पुस्तक के द्वितीय खण्ड का विमोचन किया। यह पुस्तक राज्यपाल के जीवन यात्रा पर आधारित हैं एवं पूर्व में इस पुस्तक के प्रथम भाग का विमोचन किया गया था। इस अवसर पर राज्यपाल ने पुस्तक के लेखकों को बधाई देते हुए कहा कि साहित्य, सृजन एक साधना के समान होता है जिसमें धैर्य और अनुशासन की आवश्यकता होती है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह पुस्तक पाठकों को भारतीय संस्कृति, सेना के मूल्यों और राष्ट्र सेवा की भावना को आत्मसात करने के लिए प्रेरित करेगी। इस अवसर पर सचिव राज्यपाल श्री रविनाथ रामन, सचिव श्री दीपक कुमार, सचिव डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा, कुलपति गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय प्रो. मनमोहन सिंह चौहान, कुलपति संस्कृत विश्वविद्यालय प्रो. दिनेश चन्द्र शास्त्री, कुलपति सोबन सिंह जीना विश्व विद्यालय अल्मोड़ा प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट, कुलपति उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय प्रो. अरुण कुमार त्रिपाठी, कुलपति दून विश्वविद्यालय प्रो. सुरेखा डंगवाल, कुलपति श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय प्रो. एन.के. जोशी, कुलपति उत्तराखण्ड तकनीकी विश्व विद्यालय एवं एच.एन.बी. उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय प्रो. ओंकार सिंह, कुलपति वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली उत्तराखण्ड औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय भरसार प्रो. परविंदर कौशल, कुलपति उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय प्रो. ओ.पी.एस. नेगी, अपर सचिव श्री राज्यपाल श्रीमती स्वाति एस. भदौरिया, अपर सचिव डॉ. आनंद श्रीवास्तव सहित विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अस्पताल, तहसील और ब्लॉक का डीएम ने किया निरीक्षण





अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय ने विकासखंड लमगड़ा के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, तहसील कार्यालय लमगड़ा तथा खंड विकास कार्यालय लमगड़ा का निरीक्षण किया।जिलाधिकारी सर्वप्रथम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लमगड़ा पहुंचे। यहां उन्होंने डॉक्टर उपस्थिति पंजिका, ओपीडी रजिस्टर, दवाई घर, टीकाकरण कक्ष आदि का निरीक्षण किया तथा डॉक्टर्स को निर्देश दिए कि अस्पताल आने वाले मरीजों एवं तीमारदारों से अच्छा व्यवहार रखें। उन्हें बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि जो डॉक्टर तथा कार्मिक लंबे समय से अनुपस्थित हैं, उन्हें नोटिस जारी किया जाए। यहां क्षेत्रवासियों ने अस्पताल की एम्बुलेंस के संचालन का मुद्दा जिलाधिकारी के सम्मुख रखा। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि अस्पताल की 108 एम्बुलेंस को चाक चौबंद रखा जाए ताकि आवश्यकता पड़ने पर उसे प्रयोग में लाया जा सके। इसके पश्चात जिलाधिकारी तहसील कार्यालय लमगड़ा पहुंचे। यहां उन्होंने विभिन्न पटलों का अवलोकन कर तहसील के कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने यहां तहसील कार्मिकों को निर्देश दिए कि तहसील आने वाले लोगों के काम निर्धारित समय में कर दिए जाएं। किसी को भी परेशानी न हो, इसके लिए सभी सेवाएं समय से उपलब्ध कराई जाएं। जिलाधिकारी ने यहां खाता खतौनी, प्रमाण पत्र जारी करने आदि के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पत्रावलियों को सुव्यवस्थित ढंग से न रखने पर जिलाधिकारी ने कार्यालय के कार्मिकों को फटकार लगाई तथा निर्देश दिए कि सभी पत्रावलियों को सुव्यवस्थित तरीके से संरक्षित रखा जाए।उन्होंने निर्देश दिए कि रजिस्ट्री के सभी कार्य निर्धारित समय में कर लिए जाएं। तहसीलदार लमगड़ा को निर्देश दिए कि जो भी मामले उनके स्तर पर लंबित हैं, उन्हें जल्द से जल्द निस्तारित किया जाए।जिलाधिकारी ने तहसील कार्यालय में आए फरियादियों से वार्ता भी की तथा उनकी समस्याओं को सुना तथा जल्द ही उनकी समस्या का समाधान करने का आश्वाशन दिया।तत्पश्चात जिलाधिकारी ने खंड विकास कार्यालय लमगड़ा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खंड विकास अधिकारी से विकासखंड में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी प्राप्त की। खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए लोगों को आजीविका से जोड़ने के कार्यों पर ज्यादा फोकस करें। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा आजीविका गतिविधियों को जोड़ा जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने विकासखंड में मनरेगा कार्यों समेत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की तथा कार्यों को गुणवत्ता के साथ तेजी से करने के निर्देश दिए।यहां जिलाधिकारी ने क्षेत्र के ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों तथा ग्राम विकास अधिकारियों के साथ बैठक कर ग्राम स्तर पर होने वाले कार्यों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को यह भी निर्देश दिए कि सभी ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों एवं ग्राम विकास अधिकारियों के विकास खंड कार्यालय एवं ग्राम पंचायत उपस्थित होने के दिन तय किए जाएं।इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आरसी पंत, उपजिलाधिकारी जैंती/ भनोली एनएस नगनयाल, खंड विकास अधिकारी निवेदिता खुलबे, तहसीलदार बालम सिंह बिष्ट समेत अन्य उपस्थित रहे।

# सरकार ने विकास के नए आयाम स्थापित किए : पार्वती दास

गरुड़(उद संवाददाता)। प्रदेश सरकार के तीन वर्ष पूरे होने पर गरुड़ विकासखण्ड मुख्यालय में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ करते हुए विधायक पार्वती दास ने कहा कि प्रदेश सरकार ने तीन साल के कार्यकाल में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। इस मौके पर 126 शिकायतें दर्ज की गई। विकासखंड मुख्यालय में आयोजित शिविर में विधायक पार्वती दास ने कहा कि गरुड़ में प्रत्येक गांव में सड़क पहुंच गई है। विशिष्ट अतिथि दर्जा राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि धामी सरकार ने विकास का नया इतिहास बनाया है। उन्होंने कहा कि आज गरुड़ हेली सेवा से जुड़ गया है। यह विकास का ताजा उदाहरण है। जनसभा को संबोधित करते हुए दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट ने राज्य सरकार के पिछले तीन वर्षों के कार्यकाल को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि सरकार ने युवाओं को रोजगार देने के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं और नकल विरोधी कानून लाकर उत्तराखंड देश का पहला राज्य बन गया है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार हर घर तक पेयजल पहुंचाने और हर गांव को सड़क मार्ग से जोड़ने के लिए तेजी से काम कर रही है। गरुड़ क्षेत्र में हेली सेवा शुरू होने को उन्होंने एक बड़ी उपलब्धि बताया, जिसकी पहले किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। उन्होंने विश्वास जताया कि यह दशक उत्तराखंड के विकास के लिए स्वर्णिम होगा और महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में भी सरकार निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने सभी से प्रदेश को अग्रणी बनाने में सहयोग करने की अपील की और अधिकारियों को शिविर में आई समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने के निर्देश दिए।विधायक पार्वती दास ने भी सरकार के कार्यों की सराहना करते हुए युवा और महिला सशक्ति करण की दिशा में किए गए प्रयासों को अभूतपूर्व बताया। इस मौके पर आयोजित बहुउद्देशीय शिविर में विभिन्न स्टालों एवं चिकित्सा शिविरों समेत विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को आम जनमानस तक पहुंचाया गया। शिविर में दर्ज अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही तुरंत निस्तारण किया गया। शिविर में तेरह 13 दिव्यांगों को प्रमाण पत्र जारी किए गए। समूह की महिलाओं को 4 करोड़ 68 लाख के चौक वितरित किए गए। पांच महिलाओं को लक्ष्मी किट बांटे गए।सहकारिता विभाग द्वारा पंडित दीनदयाल किसान कल्याण योजना के तहत तीन किसानों को शून्य ब्याज दर पर मध्यकालीन ऋण के चेक वितरित किए।सीडीओ आरसी तिवारी ने शिविर में पहुंचे लोगों की समस्याओं को गहनता से सुना और समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।



# राम मंदिर वार्ड में रेंगता दिखा धामन प्रजाति का सांप

गरुड़(उद संवाददाता)। राम मंदिर वार्ड में उस समय हड़कंप मच गया जब रास्ते में धामन प्रजाति का एक सांप रेंगता हुआ दिखाई दिया। यह सांप आने-जाने वाले लोगों के लिए खतरा बन सकता था और लोगों के घरों में भी घुस सकता था, लेकिन सभासद अंकित जोशी की सतर्कता और त्वरित निर्णय से एक बड़ा हादसा टल गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने सांप को रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया है। सभासद जोशी को अपने वार्ड में सांप रंगने की जैसे ही जानकारी मिली, उन्होंने तत्काल वार्डवासियों को सतर्क किया और किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए सावधान रहने की अपील की। उन्होंने तुरंत वन विभाग को सूचित किया। वन विभाग की टीम तुरंत हरकत में आई। वार्डवासियों ने सभासद अंकित जोशी की सतर्कता और त्वरित निर्णय की खूब सराहना की। इधर वन क्षेत्राधिकारी बैजनाथ महेंद्र सिंह गुसाई ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि वे इस तरह की किसी भी घटना का सामना करें तो शीघ्र वन विभाग को सूचित करें, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना को रोका जा सके



# विधायक पार्वती दास ने महिला मंगल दलों को वितरित की सामग्री

गरुड़(उद संवाददाता)। विधायक पार्वती दास ने विकासखंड के ग्राम पंचायत लौबांज, कौलाग, रतमटिया, मटेना, जिनखोला, बंड, कनस्यारी, कोटुली में विधायक निधि से महिला मंगल दलों को सार्वजनिक कार्यो के लिए सामग्री वितरण की।गांवों में आयोजित कार्यक्रम में विधायक पार्वती दास ने कहा कि महिलाओं का सम्मान करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुद्रा योजना समेत अनेक योजनाएं संचालित कर रही हैं। जिसका लाभ सीधे महिलाओं को मिल रहा है।




# जिलाधिकारी ने ली मादक पदार्थों की निगरानी समिति की बैठक

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में बुधवार को जिले में मादक पदार्थों की निगरानी हेतु गठित समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने युवाओं में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए पुलिस के साथ अन्य विभागों और सामाजिक संगठनों के साथ समन्वय स्थापित कर समाज में जागरुकता लाने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि नशे के खिलाफ जागरूकता लाने में शिक्षा व उच्च शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। जिलाधिकारी ने मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। जिले में भांग की खेती को चिन्हित कर उसे नष्ट करने की योजना बनाने को कहा। इसके अलावा जिलाधिकारी ने राजस्व, पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा व्यापक चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए। होटल, ढाबों, रेस्तरां,पान-सिगरेट की दुकानों जैसे स्थानों की निगरानी करने और अवैध गतिविधियों में शामिल पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने मादक पदार्थों के खिलाफ जन-जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश देते हुए कहा कि इसके तहत गोष्ठियों का आयोजन, पोस्टर, पंपलेट और बैनर के माध्यम से जनजागरूकता बढ़ाई जाए। साथ ही, नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत स्वयंसेवकों को चिन्हित कर उन्हें प्रशिक्षण दिए जाने, स्कूल, कॉलेज और मेडिकल संस्थानों में एन्ट्री ड्रग्स क्लब बनाने और विद्यार्थियों के साथ बैठकों का आयोजन कर युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक किया जाने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए।।पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर आर. घोडके ने सभी अधिकारियों को इस अभियान में व्यक्तिगत रुचि दिखाने की बात कही। उन्होंने स्कूलों में व्यापक स्तर पर संयुक्त रूप से जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने मादक पदार्थों की अवैध गतिविधियों पर निगरानी और पुनर्वास केंद्रों की पर्यवेक्षण आदि के बारे में जानकारी दी। बैठक में डीएफओ ध्रुव सिंह मर्तोलिया,एडीएम एनएस नबियाल,सीईओ जीएस सोन, सीओ अजय शाह,एसडीएम कपकोट अनिल सिंह रावत,गरूड़ जितेंद्र वर्मा, असिस्टेंट प्रोफेसर कमल किशोर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# सड़क निर्माण को लेकर की जा रही ओछी राजनीति: सुभाष

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। जर्जर मटकोटा मार्ग के पुनर्निर्माण के स्वीकृति पत्र को लेकर राजनीति की जा रही है। यह बात आम आदमी पार्टी के बंगाली प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने मीडिया को जारी बयान में कही। मटकोटा मार्ग के पुनर्निर्माण के विषय में नैनीताल लोकसभा सांसद अजय भट्ट के लेटर पैड पर 55 करोड़ रुपए स्वीकृत होने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सुभाष व्यापारी ने कहा कि सोशल मीडिया पर लेटर आते ही बीजेपी के सभी छोटे-बड़े नेताओं में श्रेय लेने की होड़ लग गई।उन्होंने कहा पूर्व में भी कई बार इस तरह की धनराशि स्वीकृत कराई गई। उस समय भी भाजपा नेताओं की ओर से झूठा प्रचार किया गया था। उन्होंने कहा पिछले बार क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे की ओर से केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के साथ फोटो शेयर करके गदरपुर मटकोटा मार्ग के लिए धनराशि स्वीकृत करने का खूब प्रचार किया गया झूठी वाह वाही भी लूटी गई। उन्होंने कहा दिनेशपुर गदरपुर क्षेत्र की जनता के साथ एक प्रकार का मजाक किया जा रहा है। यदि वास्तव में इस सड़क के निर्माण के लिए 55 करोड रुपए स्वीकृत किया गया है तो इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि गदरपुर विधानसभा के समस्त ग्रामीण क्षेत्र के लिंक रोड के लिए भी पिछली धामी सरकार एवं वर्तमान धामी सरकार ने कोई धनराशि स्वीकृत नहीं की। एक गांव से दूसरे गांव को जोड़ने वाली समस्त ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों का हाल बहुत बुरा है। आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। सरकार को जनता की कोई चिंता नहीं है। डबल इंजन की सरकार बनाकर जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। यदि इस बार सड़क नहीं बनती है तो जनता चुप नहीं बैठेगी।



# विधेयक पारित होने पर किसान सभा आयोजन किया

किच्छा(उद संवाददाता)। कृषक भारती कॉरपोरेट लिमिटेड ,उत्तराखंड द्वारा नवनिर्मित त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक पारित होने के उपलक्ष्य में किसान सभा आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि कुंदनलाल खुराना, अध्यक्ष उत्तराखंड थोक विक्रेता संघ, उपनीश यादव, प्रवक्ता आई सी एम देहरादून, क्षेत्रीय प्रतिनिधि शशिकांत पटेल के द्वारा किसानों को कृभको के विभिन्न उत्पादों के बारे में जैसे यूरिया, डीएपी ,तरल जैव उर्वरक एवम जिंक के बारे में विस्तार से बताया एवं मृदा जांच के बारे में जानकारी दी साथ ही नए त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक को सहकारी क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक कदम बताया। सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक, 2025, जो गुजरात के आनंद स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल मैनेजमेंट को भारत के पहले राष्ट्रीय सहकारी विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित करता है, लोकसभा में पारित हो गया है। यह ऐतिहासिक कानून आईआरएमए को त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय में परिवर्तित करता है और इसे राष्ट्रीय महत्व का संस्थान घोषित करता है। विश्वविद्यालय का संचालन एक गवर्निंग बोर्ड द्वारा किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता कुलाधिपति करेंगे और इसमें प्रमुख केंद्रीय मंत्रालयों के सचिव, राज्य स्तरीय सहकारी विभागों के अधिकारी और सहकारी क्षेत्र के प्रतिष्ठित नेता शामिल होंगे। विधेयक को संसद में गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा प्रस्तुत किया गया।




# पेज एक का शेष...

100 **ताकतवर भारतीयों...**के काम काज का मूल्यांकन करते हुए कहा है कि, उनके नेतृत्व में भाजपा ने लोकसभा चुनाव और स्थानीय निकाय चुनावों में शानदार सफलता हासिल की है, अब उनका लक्ष्य 2027 विधानसभा चुनाव है। इंडियन एक्सप्रेस समूह हर साल देश के 100 ताकतवर लोगों की लिस्ट जारी करता है, जिसमें राजनीति, लोक प्रशासन, उद्योग- कारोबार, सिनेमा, खेल सहित सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय काम करने वाले लोगों को उनके कार्यों और इसके असर के आधार पर रैंकिंग प्रदान की जाती है। इस साल की लिस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रथम स्थान पर रखा गया है। दूसरे स्थान पर गृहमंत्री अमित शाह, चौथे स्थान पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को रखा गया है। साथ ही उद्योगपति मुकेश अंबानी, गौतम अड़ानी, जय शाह, एनएसए अजित डोभाल, शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद, क्रिकेटर रोहित शर्मा, विराट कोहली, दक्षिण भारतीय अभिनेता विजय, अल्लू अर्जुन, बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान, अमिताभ बच्चन सहित यूपी, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश सहित कई राज्यों के मुख्यमंत्री और कई विपक्षी नेताओं को स्थान प्रदान किया गया है।अखबार की लिस्ट में 49 वर्षीय उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को 32वां स्थान प्रदान किया गया है। इस लिस्ट में 50 वर्ष से कम उम्र की बहुत कम राजनीतिक हस्तियां हैं जिनमें सीएम धामी भी हैं।

**स्कैप गोदाम में भीषण ...**। में लगी रही। शुक्रवार दोपहर तक आग पूरी तरह नहीं बुझ पायी थी। करीब 15 घंटे बाद आग को काबू किया जा सका। अग्निकाण्ड में करीब 25 करोड़ से अधिक के नुकसान का अनुमान है। कुछ स्कैप कारोरियों ने गोदामों में अपनी जिंदगी भर की कमाई लगा रखी थी। पिछले 2 महीने से प्लास्टिक के कारोबार में आई मंदी के कारण स्कैप कारोरियों ने अपनी पूरी पूंजी लगाकर कंपनियों से टेंडर के तहत स्क्रैप इकट्ठा कर रखा था, जो आग की भेंट चढ़ गया। अग्निकाण्ड के कारणों का पता नहीं लग पाया है। अग्निशमन विभाग और राजस्व विभाग के अधिकारी मौके पर नुकसान का जायजा ले रहे हैं।

**अग्निकांड पीड़ितों की मदद...**नुकसान का आकलन करवाया। समाजसेवी सुशील गाबा ने राज्य सरकार से अग्निकाण्ड पीड़ितों को अधिक से अधिक मुआवजा प्रदान किए जाने की मांग करते हुए कहा कि इस भीषण अग्निकांड में दर्जनों स्क्रैप कारोबारी का करोड़ों रुपए का नुकसान हो गया है जिस पर राज्य सरकार को संवेदनशीलता एवं गंभीरता दिखाते हुए तत्काल मुआवजा देना चाहिए । उन्होंने कहा कि यहां के सभी स्क्रैप व्यापारी जीएसटी व अन्य समस्त राजकीय करों का भी भुगतान करते हैं, इसलिए इन स्क्रैप व्यापारियों के लिए राज्य सरकार को गंभीरतापूर्वक सोचते हुए उनकी अधिक से अधिक सहायता की जानी चाहिए। इस दौरान पूर्व पार्षद रमेश कालड़ा, आलोक कालडा लकी, विकास कुकरेजा, लखबीर सिंह लक्खा,जितेंद्र संधू, जावेद अख्तर, नईम, मोहम्मद तसलीम हुसैन, इकरार, सलीम भाई सतवीर सिंह आदि मौजूद थे।

**स्कारपियो नहर में गिरने...** गति से नहर में गिरने पर वहां हड़कंप मच गया।कार के दुर्घटनाग्रस्त होने की जानकारी पर आसपास के लोगों ने तुरंत पुलभट्टा पुलिस को सूचना दी तथा राहत कार्य में लग गए।सूचना पर पुलभट्टा एसओ प्रदीप मिश्रा पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी किच्छा में भर्ती करवाया। चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद बबीता को मृत घोषित कर दिया। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया।

**बालिका से दुष्कर्म का ...**कि बालिका के गर्भवती होने का मामला तब खुला,जब बालिका बेहोश हो गई थी परिवार के लोग उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। विवेचना एसआई महिला कर रही है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसे जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

# पांच छात्र-छात्राओं का नवोदय विद्यालय के लिए हुआ चयन

गरुड़(उद संवाददाता)। श्रीराम पब्लिक स्कूल बिनखोली के छात्र देव भंडारी, आदित्य चंद्र, मानवी गोस्वामी, जीविका गोस्वामी, रवि, गौरव गोस्वामी, मनीष नाथ का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छह में प्रवेश के लिए हो गया है। इसके अलावा पंडित दीनदयाल उपाध्याय विद्या मंदिर गागरीगोल की छात्रा मिहिका जोशी, हर्षित बरोलिया, आरुषी भरड़ा, कशिश, यश कुमार ने भी प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर श्रीराम पब्लिक स्कूल के प्रधानाध्यापक भैरव नाथ गोस्वामी, दीनदयाल के प्रबंधक विनोद कांडपाल समेत शिक्षकों, अभिभावकों ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रूद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# राईस मिलर्स एसोसिएशन की बैठक में समस्याओं पर चर्चा



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड राईस मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बैठक में राईस मिलर्स की समस्याओं पर चर्चा की गयी। बैठक में तय हुआ कि कि अगले वर्ष की धान खरीद नीति पंजाब, हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश एवं अन्य राज्यों की तर्ज पर नही बनाई तो कोई भी मिलर्स कच्चा आढ़ती का कार्य नही करेगा। बैठक में राईस मिलर्स ने बताया कि धान खरीद वर्ष 2024-25 में सरकारी धान खरीद योजना के अन्तर्गत कच्चा आढती के माध्यम से जो धान किसानों का खरीदा गया है उसका चावल सरकार को देने हेतु माह अक्टूबर 2024 से माह मार्च 2025 तक मात्र 16 लाटों 2880 कु का प्रोग्राम मिलर्स को प्राप्त हुआ है और इस प्रोग्राम में अधिकाश सेन्टरों पर स्पेस न होने के कारण लाटें नहीं उतर पा रही है। मिलर्स ने प्रदेश अध्यक्ष नरेश कंसल को बताया कि जब मिलर्स एफसीआई में चावल उतारने के लिए तैयार थे तो एफसीआई के पास कोई स्पेस नही था और अभी हाल ही में एफसीआई द्वारा एक और आदेश जारी किया गया है कि एफसीआई में केवल नान-एफआरके चावल उतारा जायेगा, जबकि मिलर्स द्वारा एफसीआई में पूर्व में जो चट्टे बुक कराये गये हैं उसके अनुसार मिल द्वारा एफआरके मिलाकर लाटें तैयार कर ली तथा चावल में जो एफआरके मिला है वह सोरेटेक्स नहीं हो सकता ऐसी स्थिति में एफसीआई विभाग द्वारा बार-बार अलग अलग आदेश जारी करने से मिलर्स को काफी वित्तीय हानि हो रही है। मिलर्स ने एफआरके मिली चावल की लाटों को एफसीआई में उतारे जाने की मांग की। साथ ही राईस मिलर्स ने बताया कि जिस प्रकार दूसरी सरकारी एजेन्सियों जैसे यूसीएफ. पीसीयू, एनसीसीएफ आदि भी क्रय एजेन्सियों के रूप में कार्य कर रही है उसी प्रकार कच्चा आढ़ती भी एक एजेन्सी के रूप में सरकार के साथ धान खरीद का कार्य करता है, लेकिन सरकार द्वारा इन क्रय एजेन्सियों से मात्र 2 प्रतिशत मण्डी शुल्क लिया जाता है और कच्चा आढ़ती से 2.50 प्रति मण्डी शुल्क (जिसमें 0.50 प्रतिशत विकास सेस शामिल है) लिया जाता है। जबकि सभी व्यवस्थायें एक जैसी है। मिलर्स ने क्रय एजेंसियों की तरह कच्चा आढ़ती से भी 2 प्रतिशत मण्डी शुल्क लिये जाने की मांग उठाई। बैठक में कहा गया कि विभाग द्वारा वर्ष 2019-20 के धान के परिवहन बिलों का भुगतान अभी तक नही किया गया है, इसके साथ ही यह भी बताया गया कि मिलर्स को धान से चावल निर्मित कर विभाग द्वारा बताये गये गोदामों पर पहुंचाने पर परिवहन मद में काफी अधिक धनराशि व्यय करनी पड़ती है परन्तु विभाग द्वारा पिछले 3 वर्षों से एक ही दर पर परिवहन का भुगतान किया जा रहा है, जिससे मिलों को काफी आर्थिक नुकसान हो रहा है। जबकि सरकार द्वारा खाद्य आपूर्ति ठेकेदारों को अधिक दरों पर परिवहन का भुगतान किया जाता है। इसके लिए मिलर्स द्वारा विभाग से खाद्य आपूर्ति ठेकेदारों की भांति परिवहन का भुगतान करने की मांग की गयी। प्रदेश अध्यक्ष ने शासन से मांग करते हुए कहा कि यदि आगामी वर्ष की धान खरीद नीति पंजाब, हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश एवं अन्य राज्यों की तर्ज पर नही बनाई तो कोई भी मिलर्स कच्चा आढ़ती का कार्य नही करेगा जिसके लिए बैठक में उपस्थित समस्त राईस मिलर्स द्वारा अपनी सहमति व्यक्त की गई। बैठक में उत्तराखण्ड राईस मिलर्स एशोसियसन के प्रदेश अध्यक्ष नरेश कंसल, उपाध्यक्ष रमेश गर्ग, कोषाध्यक्ष पंकज बांगा, महामंत्री श्याम अग्रवाल, सचिन पूर्व अध्यक्ष उत्तराखण्ड राईस मिलर्स एशोसियसन उत्तराखण्ड राईस मिलर्स एशोसियसन, सौरभ सिंघल अध्यक्ष सितारगंज, ईश्वरी वंसल, अमित जिन्दल, जितेन्द्र सिंघल, हिमांशु, मनोज आदि उपस्थित रहें।

# स्कॉलर्स वैली के विद्यार्थियों का नवोदय स्कूल में चयन

सितारगंज(उद संवाददाता)। स्कॉलर्स वैली इंटरनेशनल स्कूल के मेधावी छात्र-छात्राओं मनरीत कौर, लावण्या भट्ट और आराध्य महर ने कक्षा 6वीं की नवोदय प्रवेश परीक्षा में, जबकि तमन्ना महतो ने कक्षा 9वीं की नवोदय प्रवेश परीक्षा में सफलता



प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इन विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय में हर्ष और गर्व का माहौल है। इस सफलता पर विद्यालय प्रबंधक पलविंदर सिंह औलख, प्रधानाचार्या कमलजीत कौर, सीनियर कोऑर्डिनेटर भूपिंदर सिंह और अकादमिक कोऑर्डिनेटर उत्तम तिवारी ने सभी छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधक पलविंदर सिंह औलख ने इस सफलता को विद्यालय के उत्कृष्ट शिक्षण वातावरण और शिक्षकों के समर्पण का परिणाम बताते हुए कहा कि विद्यालय प्रबंधान उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहा है।

# पंतनगर विवि भारत की सेमीकंडक्टर क्रांति का नेतृत्व करने के लिए तैयार

पन्तनगर (उद संवाददाता)। भारत के कृषि की दशा को बदलने वाली हरित क्रांति लाने के बाद, पन्तनगर कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय अब देश में अगली छलांग के साथ सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकी क्रांति का नेतृत्व करने के लिए तैयार है। जैसा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी सेमीकंडक्टर डिजाइन और विनिर्माण में आत्मनिर्भरता पर जोर देते हैं, भारत की तकनीकी स्वतंत्रता और राष्ट्रीय प्रगति के लिए घरेलू सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना महत्वपूर्ण हो गया है। कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान के दूरदर्शी नेतृत्व में विश्वविद्यालय ने इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (मीटीई) द्वारा समर्थित भारत सरकार की 'चिप टू स्टार्टअप' योजना के तहत रू 10 करोड़ मूल्य के विश्व स्तरीय इलेक्ट्रॉनिक डिजाइन ऑटोमेशन



(ईडीए) उपकरण हासिल किए हैं। विश्वविद्यालय उन्नत फाउंड्री प्रौद्योगिकी तक पहुँच के लिए ताइवान स्थित सेमीकंडक्टर लीडर टीएसएमसी के साथ भी जुड़ रहा है। विश्वविद्यालय के महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि 'इन उन्नत ईडीए उपकरणों और प्रौद्योगिकियों के साथ, हमारे छात्र और शोधकर्ता अभिनव सर्किट डिजाइन कर सकते हैं, उच्च गुणवत्ता वाले शोध कर सकते हैं, प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में निष्कर्ष प्रकाशित कर सकते हैं और पेटेंट दाखिल कर सकते हैं। हमारा लक्ष्य प्रशिक्षण, अनुसंधान, ऊष्मायन, नवाचार और उद्यमिता को शामिल करते हुए एक पारिस्थितिकी तंत्र का पोषण करके पंतनगर को उच्च तकनीक वाले सेमीकंडक्टर स्टार्टअप के लिए एक संपन्न केंद्र में बदलना है। ईसीई विभाग के प्रमुख डा. आर.पी.एस. गंगवार राष्ट्रीय सेमीकंडक्टर मिशन के उद्देश्यों के साथ शैक्षणिक कार्यक्रमों को संरेखित कर रहे हैं, लगातार कुशल चिप-डिजाइन पेशेवरों का उत्पादन करने के लिए नएवीएलएसआई-केंद्रित ऐच्छिक पेश कर रहे हैं। दूरदर्शी नेतृत्व, उन्नत बुनियादी ढाँचे और अत्याधुनिक तकनीक के साथ पंतनगर भारत की सेमीकंडक्टर आत्मनिर्भरता को गति देने के लिए अच्छी स्थिति में है। देश में कुल 250 महाविद्यालयों को टूल सर्पोट उपलब्ध कराया जा रहा है जिसमें मुख्यत: आईआईटी, एनआईटी, ट्रिपल आईटी एवं अन्य प्रमुख संस्थान है अत: यह उपलब्धि पन्तनगर विश्व विद्यालय की गौरव की बात है।

# बाबा तरसेम सिंह की बरसी पर उमड़ा संगत का सैलाब

नानकमत्ता(उद संवाददाता)उद संवाददाता।धार्मिक डेरा कार सेवा के बाबा तरसेम सिंह की बरसी पर दूध वाले कुएं पर अखंड पाठ साहिब का भोग पड़ा, जहां हजारों की तादात में संगत ने पहुंचकर दूध वाले कुएं पर गुरुद्वारा साहिब में माथा टेका, डेरा कार सेवा के बाबा तरसेम सिंह जिनकी आज से 1 वर्ष पूर्व 28 मार्च को दो शूटरो ने डेरा कार सेवा के परिसर में घुसकर प्रात: तड़के गोली मारकर हत्या कर दी थी, जिनकी याद में 26 मार्च को अखंड पाठ रखा गया, जिसका भोग आज गुरुद्वारा कुए वाले पर पड़ा, कार सेवा बाबा तरसेम सिंह की बरसी पर उत्तराखंड सहित उत्तर प्रदेश से तमाम





संगत पहुंची, जिन्होंने बाबा तरसेम सिंह की बरसी पर उनको याद करते हुए उनके द्वारा किए गए शिक्षा व चिकित्सा के क्षेत्र में कार्य को याद किया, गुरुद्वारा दूधवाला कुए पर सजे धार्मिक दीवान में अजीत पाल सिंह ने कहा कि डेरा कार सेवा के बाबा एक महान संत थे, जिनकी निर्मम हत्या सभी के लिए कष्टदायक थी, जिसकी पूर्ति करना तो संभव नहीं है, लेकिन घटना करने वाले व्यक्तियों को पुलिस ने पकड़कर जो कार्य किया है वह सराहनीय है, डेरा कार सेवा की बरसी पर उधम सिंह नगर और उत्तराखंड के साथ ही बरेली पीलीभीत से काफी संख्या में संगत पहुंची थी, गुरुद्वारा नानकमत्ता प्रबंधक कमेटी के प्रधान जोगिंदर सिंह संधू ने बाबा तरसेम सिंह को धार्मिक संत के साथ ही सामाजिक कार्यों में सहभागिता निभाने के लिए उनको याद किया। इस मौके पर कार सेवा डेरा के बाबा रविंद्र सिंह, गुरुद्वारा प्रबंधक जोगिंदर सिंह संधू, बाबा दारा सिंह, मुख्य सेवादार दिलबाग सिंह, किसान आयोग के उपाध्यक्ष राजपाल सिंह, गुरुद्वारा प्रबंधक रणजीत सिंह, सुखवंत सिंह भुल्लर, रणजीत सिंह राणा,निरवैर सिंह संधु आदि मौजूद रहे।

